माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष - 34, अंक -25, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 14

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 13

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकडिय़ां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4

विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

संभल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10 .25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10 .30 बजे शिलान्यास के बाद 10 .45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11 .40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1 .45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी

- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।

एक नजर

सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

लखनऊ। स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम

भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।

संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष पर फैसला लेने का अधिकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को पार्टी के संविधान में संशोधन करते हुए शीर्ष संगठनात्मक निकाय संसदीय बोर्ड को अध्यक्ष से संबंधित निर्णय लेने की अनुमति दे दी जिसमें उनका कार्यकाल और कार्यकाल का विस्तार शामिल है। पार्टी के महासचिव सुनील बंसल ने इस आशय का प्रस्ताव रखा था। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और प्रदेश परिषदों के सदस्य शामिल होते हैं। निर्वाचक मंडल में से बीस सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नाम का संयुक्त रूप से प्रस्ताव कर सकते हैं। यह संयुक्त प्रस्ताव ऐसे पांच प्रदेशों से आना जरूरी है जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव संपन्न हो चुके हों।

टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम

अमृत विचार : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम

इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।

लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

अनदेखी | पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24 .36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

> अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।
>
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

निवेश का महाकुंभ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।

पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

जीबीसी-4.0 एक नजर में

10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार

500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ

निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू

आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी

10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी

राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई

कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास

बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

INVEST UP
Investment Promotion & Facilitation Agency of Govt. of Uttar Pradesh

निवेश का महाकुंभ

₹10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0
— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

34 लाख+ नौकरी के अवसर

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री, भारत सरकार

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन
एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

जसवंत सिंह सैनी
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा
औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब

एम.एस.एम.ई. हब

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

एयरपोर्ट प्रदेश

मेट्रो प्रदेश


एक्सप्रेस प्रदेश

दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ

लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh
एवं
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

एक नजर

मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को धोखा देने के लिए भाजपा नए-नए इवेन्ट के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव से पहले नई-नई कसरत करती रहती है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, जनता भाजपा की इन चालों को समझती है। सपा प्रमुख ने कहा कि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस और स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है।

एसपीजी, एनएसजी और एटीएस कमांडो तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री समेत दुनिया भर से आ रहे मेहमानों की सुरक्षा को लेकर के प्रशासन अलर्ट है और बंदोबस्त व्यापक हैं। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने को 4300 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपीजी, एनएसजी, एटीएस कमांडो भी रहेंगे। सुरक्षा के साथ यातायात संभालने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों की तैनाती तय की गई है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में निगरानी के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तैयार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 फरवरी से 8265 केंद्रों पर शुरू होने जा रही 10वीं 12वीं की परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की निगरानी राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस कंट्रोल रूम उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने रविवार को किया।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

इस पर परीक्षा के समय में किया

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम का अवलोकन करतीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया उद्घाटन

गया परिवर्तन: माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि छात्र-छाआओं की सुविधा के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार प्रथम पाली की परीक्षा का समय प्रातः 8.00 से 11.15 के स्थान पर बढ़ाकर 8.30 से 11.45 किया गया है। द्वितीय पाली की परीक्षा समय पूर्ववत् अपरान्ह 2.00 से शाम 5.15 तक है।

सीसी टीवी की निगरानी में स्ट्रांग रूम

स्ट्रांग रूम से प्रश्न-पत्र की निकासी तथा उसके वितरण हेतु केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक तथा स्टैटिक मैजिस्ट्रेट को संयुक्त रूप से उत्तरदायी बनाया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित किये गये स्ट्रांग रूम को 24×7 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने की व्यवस्था की गयी है।

सभी मंडल और जिलों में बनेंगे होम्योपैथिक कार्यालय

प्रदेश में 18 मंडलीय व 75 डीएचओ कार्यालयों में कुल 651 पद सृजित

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरह हर जिले में जिला होम्योपैथिक कार्यालय (डीएचओ) होंगे और मंडलस्तर पर मंडलीय कार्यालय स्थापित होंगे। जहां से जनसामान्य को मिल रहीं होम्योपैथिक चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी की जाएगी। इसके लिए शासन द्वारा हर कार्यालय के लिए सात पद के अनुसार 93 कार्यालयों के में कुल 651 पद सृजित किये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों की बदहाली खत्म होगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में मंडलीय कार्यालय स्थापित किये जायेंगे साथ ही 75 जिलों में जिला होम्योपैथिक कार्यालय खोले जायेंगे।

इन मंडलीय कार्यालय में एक सहायक लेखाकार, एक स्टैनो ग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो-दो पद संचालित होंगे।

होम्योपैथिक निदेशक उप्र डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि अभी तक जिलों में चिकित्सकीय सेवाओं की निगरानी मुख्यालय से की जाती है। स्थानीय स्तर पर अपने कार्यालय न होने की वजह से दिक्कतों आती हैं। राज्य सरकार द्वारा कार्यालय संचालन की स्वीकृत मिलने के बाद स्थितियां बदलेंगी। वर्तमान में 15 जिलों में खुद के होम्योपैथिक कार्यालय संचालित हो रहें हैं।

महोबा, उन्नाव, कानपुर देहात और प्रतापगढ़ में कार्यालय के लिए जमीन मिल चुकी है। शेष अन्य जिलों में जिलाधिकारियों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जा चुके हैं। बिठूर में नई डिस्पेंसरी तैयार हो चुकी है, चिकित्सकों की तैनाती होते ही मरीजों को इलाज की सुविधा मिलने लगेंगी।

बढ़ेंगे चिकित्सक व फार्मासिस्ट

साल 1995 से पृथक रूप से संचालित हो रहें होम्योपैथिक विभाग में 1585 चिकित्सक पदों के सापेक्ष 240 पद रिक्त हैं। साथ ही फार्मासिस्टों के 1572 पदों में 397 पद रिक्त हैं। विभागीय पदोन्नति कमेटी की बैठक में पदोन्नति पाने के बाद रिक्त हुये 240 चिकित्साधिकारी और 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की नियुक्ति के लिए लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है। चयनित होने के बाद इन्हें होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों में तैनात किया जायेगा।

▸▸ जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल की बदहाली होगी दूर

मंडलीय व जिला कार्यालय खुलने और समुचित स्टाफ उपलब्ध होने से विभागीय कार्यों को गति मिलेगी। जिला योजनाओं के कार्यो को धरातल पर आसानी से पहुंचेंगी। नए अस्पताल बनेंगे और मरीजों को मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाओं में इजाफा होगा।

-डॉ .आशीष वर्मा, महासचिव प्रांतीय होम्योपैथी चिकित्सा सेवा संघ, उप्र .

होम्योपैथिक कार्यालय में होंगे सात पद

स्वीकृत पदों की जानकारी देते हुए निदेशक होम्योपैथिक ने बताया कि प्रत्येक मंडलीय कार्यालय में कुल सात पदों में एक सहायक लेखाकार, एक स्टेनोग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक, दो कनिष्ठ सहायक और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद सृजित किये गये हैं। इतने ही पद हर जिला होम्योपैथिक कार्यालय में सृजित हैं।

उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा कीर्तिमान

10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

जीबीसी के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है।

पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी

▸▸ प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी की कड़ी मेहनत ला रही नई अर्थक्रांति

विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लकेर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं।

समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे।

लक्ष्य से आगे निकले बरेली समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

उद्योगजगत से अयोध्या जैसा रिकार्ड तोड़ते रहने की उम्मीद: मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर रोशनी से जगमग 1090 चौराहे से समता मूलक चौराहे तक जाने वाला मार्ग। अमृत विचार

कई जिलों में लगेंगे एक लाख 57 हजार 651 करोड़ के उद्योग

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इससे राज्य सरकार काफी गदगद है। आकांक्षात्मक जिलों की 1,57,651 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू होगी। यह लक्ष्य का 102 प्रतिशत से अधिक है। सरकार ने जीबीसी के माध्यम से प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों को 1,53,400 करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया था। इन जिलों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने पूरी टीम लगाई थी। जीबीसी 4 .0 में गौतमबुद्धनगर में सर्वाधिक 223887 .77 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर आकांक्षात्मक जिला सोनभद्र में सर्वाधिक 1,21,220 .62 करोड़ की परियोजनाएं मूर्त रूप लेने जा रही हैं। सोनभद्र को एक लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य के सापेक्ष आकांक्षात्मक जिले ने 121 .22 प्रतिशत हासिल कर लिया है। इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। इसी तरह कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माने जाने वाले चंदौली जिले में 23,457 .61 करोड़ की परियोजनाओं का शुरुआत होगा।

प्रधानमंत्री का मंत्र आज देगा नई दिशा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: जीबीसी-4 के जरिए सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। उपलब्धियों की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे, साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर सरकार की ओर दी गई जानकारी के मुताबिक औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी बतायेंगे उद्योगों के अनुरूप भविष्य की योजनाएं

बदलते यूपी की झलक दिखाएंगे सेक्टोरल सेशन व प्रदर्शनी

19 फरवरी को जीबीसी के उद्घाटन के साथ ही भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा,1250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 3 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, डेटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, ईवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा, फिल्म सिटी, मेडिकल इक्विप्मेंट्स व ओडीओपी प्रमुख हैं। साथ ही सेक्टोरल सेशंस का भी आयोजन होगा।

आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। आने वाले डेलीगेट्स को गोल्ड, सिल्वर और रेड पास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदर्शनी स्थल पर 10 अलग-अलग पवेलियन बनाए गए हैं, जिनमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, डाटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, फिल्म सिटी, इन्वेस्ट यूपी/टॉप इन्वेस्टर्स, मेडिकल डिवाइसेज, ईवी एंड रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस/एयरोस्पेस शामिल हैं। आयोजन में स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए गए हैं। साथ ही यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में बनने जा रही फिल्म सिटी की भी पहली झलक यहां देखने को मिलेगी।

प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

जीबीसी के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जनपदों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। वहीं पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

16 विभागों ने प्राप्त किया शत प्रतिशत लक्ष्य

इनमें 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल किया है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग ने 888 प्रतिशत, फूड एंड सिविल सप्लाई (226%), वन विभाग (182%), आयुष (173%), पशुपालन (167%), ऊर्जा (165%), माध्यमिक शिक्षा (139%), तकनीकी शिक्षा (133%), उद्यान (120%), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114%), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112%), चिकित्सा शिक्षा (110%), स्वास्थ्य (105%), यीडा (103%), नागरिक उड्डयन (100%) और जीनीडा (100%) शामिल हैं।

एयरपोर्ट से आईजीपी तक प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होंगे मेहमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आने वाले आगंतुक राज्य की संस्कृति का भी दीदार करेंगे। एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान तक 14 मंच बनाए जाएंगे, जिसमें लगभग 350 से अधिक कलाकार विभिन्न लोकनृत्यों के जरिए स्वागत करेंगे। दो दिन तक बॉलीवुड कलाकार भी धमाल मचाएंगे तो बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से राम स्तुति पर नृत्य नाटिका भी होगी। उप्र संस्कृति विभाग ने आयोजन को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है।

आईजीपी में बॉलीवुड कलाकार मचाएंगे धमाल : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19-20 फरवरी को बॉलीवुड कलाकार की प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब झूमाएंगी। 19 को बिरजू महाराज कथक संस्थान के 12कलाकार कथक नृत्य नाटिका पर श्रीराम स्तुति की प्रस्तुति देगी। दर्शक मुंबई की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों का आनंद उठाएंगे। वहीं 20 फरवरी को ग्रैमी अवार्ड विजेता रिक्की केज की बैंड प्रस्तुति का आनंद भी दर्शक ले सकेंगे। रसिका शेखर की बांसुरी की धुन भी दर्शकों को आकर्षित करेगी।

▸▸ पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर ग्रैमी अवार्ड विजेता रिक्की केज देंगे प्रस्तुति

▸▸ बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से राम स्तुति पर होगी नृत्य नाटिका

350 से अधिक कलाकार कराएंगे यूपी की संस्कृति का दीदार : 19 फरवरी को कलाकारों के 22 दल के 350 से अधिक कलाकारों की प्रस्तुति लखनऊ शहर में बने विभिन्न मंचों पर होगी। इसमें मथुरा के राजेश शर्मा व जागृति पाल मयूर लोकनृत्य, अयोध्या के विजय यादव-शीतला प्रसाद वर्मा फरुवाही लोकनृत्य, प्रकृति यादव अवधी लोकनृत्य, राजेश गौड़ व आजमगढ़ के सतीश कुमार कहरवा लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। उमेश कन्नौजिया, गाजीपुर के सल्टूराम धोबिया लोकनृत्य, प्रयागराज की प्रीति सिंह व कृति श्रीवास्तव टीम ढेढ़िया लोकनृत्य, झांसी के निशांत सिंह भदौरिया व इमरान खान राई, मथुरा के खजान सिंह व महिपाल सिंह टीम के साथ बमरसिया लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। दिवारी-पाईडंडा लोकनृत्य पर महोबा के लखन लाल यादव- बांदा के अखिलेश यादव प्रस्तुति देंगे। सोनभद्र के कतवारू जनजाति लोकनृत्य व सोनभद्र की आशा कुमारी झूमर लोकनृत्य, संतोष सिंघा आदिवासी लोकनृत्य, पीलीभीत के बंटी राणा थारू लोकनृत्य पर विभिन्न मंचों पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

अक्षय ऊर्जा का हब बनेगा प्रदेश, 182 परियोजनाएं होंगी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यम प्रदेश बनाने की राह पर अग्रसर प्रदेश सोमवार को अबतक के सबसे बड़े निवेश के भूमि पूजन का गवाह बनेगा। इस दौरान अक्षय ऊर्जा/नविकरणीय ऊर्जा से जुड़ी यूपीनेडा की 182 परियोजनाएं भी शुरू होंगी। ये परियोजनाएं 1 .3 लाख करोड़ से अधिक की है। सबसे अहम बात ये है कि योगी राज में बुंदेलखंड नई ऊर्जा का नया 'ऊर्जांच' बनने जा रहा है। यहां अक्षय ऊर्जा से संबंधित 15 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। उत्तर प्रदेश न्यू एंड रिन्यूवेबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (यूपीनेडा) के निदेशक अनुपम शुक्ला के अनुसार जीबीसी 4 .0 में सौर ऊर्जा, बायो ऊर्जा, पम्प्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पनबिजली से संबंधित) और ग्रीन हाइड्रोजन से जुड़ी 182 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का वाहक बनेंगी। उन्होंने बताया कि जीबीसी के लिए विभाग को 1 .25 लाख करोड़ का टार्गेट मिला था। विभाग ने टार्गेट से अधिक 104 प्रतिशत का लक्ष्य अचीव करते हुए 1 .30 लाख करोड़ की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में कामयाबी हासिल की है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सभी तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। प्रधानमंत्री सहित निवेशकों के स्वागत के लिए कार्यक्रम स्थल और शहर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों को फूलों और लाइटिंग से सजाया गया है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार को अधिकारियों के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम आदि विभागों द्वारा किए गए हॉर्टिकल्चर, लाइटिंग, डेंटिंग-पेंटिंग, साइनेज व सड़कों की मरम्मत और साज-सज्जा के कार्यों का रूटवार निरीक्षण किया।

इसके बाद मंडलायुक्त ने भूमि पूजन साइट, हेलीपैड व पार्किंग एरिया में व्यवस्था देखी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को नादरगंज क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अशोक लेलैंड के पदाधिकारी, यूपीसीडा, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर एलडीए द्वारा बनाया गया पंडाल। अमृत विचार

▸▸ मंडलायुक्त ने नादरगंज में भूमि पूजन स्थल का लिया जायजा

दो टॉयलेट और एक पुलिस चौकी ध्वस्त: आटोमोबाइल क्षेत्र की जानी-मानी कंपनी अशोक लेलैंड लखनऊ के नादरगंज क्षेत्र में इलेक्ट्रिक व्हिकल प्रोजेक्ट लगा रही है। इसके लिए भूमि पूजन मंगलवार सुबह 11 बजे प्रस्तावित है। मंडलायुक्त के निर्देश पर जोन आठ के अधिशासी अभियंता एससी सिंह के नेतृत्व में नगर निगम ने अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर भूमि पूजन स्थल पर बने दो टॉयलेट और एक पुलिस चौकी को ध्वस्त कर दिया।

दूल्हन की तरह सजा शहर

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए राजधानी दूल्हन की तरह सजकर तैयार है। प्रधानमंत्री सहित मेहमानों के स्वागत में जगह-जगह सजावट की गयी है। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, एयरपोर्ट, लोहिया पथ, शहीद पथ सहित मुख्य मार्गों और प्रमुख चौराहों को फूल, पौधों और रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया है। लखनऊ की सुंदरता उद्यमियों को सुखद अहसास कराएगी। नगर निगम ने मुख्य मार्ग और आयोजन स्थल के आस-पास लगभग 5,00 गमले लगाए हैं। लोहिया पथ के प्रवेश द्वार को फूलों से सजाने के साथ लाइटिंग की है। गोल्फ क्लब चौराहे पर हैदर कैनाल नाले की ओर वर्टिकल गार्डेन में फूलों के पौधे लगाए हैं। लोहिया पथ चौराहा, 1090 चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग चौराहा, गोमती नगर चौराहा सहित मुख्य मार्गों के दोनों ओर झालरें लगायी हैं।

अयोध्या-मथुरा और काशी बनेंगे 40 हजार करोड़ के निवेश के साक्षी

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या, मथुरा और काशी में करीब 40 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में जीबीसी के माध्यम से 13486 .63 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का आरंभ सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। 22 जनवरी को ही अयोध्याधाम में प्रभु श्रीरामलला विग्रह के उनके भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इससे पहले से ही भारी संख्या में उद्यमी अयोध्या में व्यापक स्तर पर होटल,रिजॉर्ट,होम स्टे के अलावा कई अन्य सेक्टर में निवेश के लिए लालायित हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए आने वाले दिनों में यहां और बड़ी संख्या में निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होना तय है।

वहीं, भगवान शिव की नगरी वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र भी है। यहां भी 15,313 .81 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू होंगी। कुल 124 निवेशक यहां अपने उद्यम स्थापित करेंगे।

जीबीसी में प्रतिभाग करने पहुंचे 80 अतिथि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ होगा। सेरेमनी में हिस्सा लेने के लिए अतिथि लखनऊ पहुंचने लगे हैं। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर रविवार को 133 अतिथियों को आना था। देर शाम तक 80 से अधिक अतिथि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच गए थे। इसको लेकर प्रशासन ने अतिथियों के लिए 24 होटलों में 500 से अधिक कमरे बुक कराए गए हैं। जबकि दो सौ से अधिक पीएसओ को सुरक्षा में लगाया गया है।

अतिथियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो इसके लिए 300 लाइजिनिंग अधिकारी लगाए गए हैं । अतिथियों को अगर कोई समस्या होती है तो यही लाइजिनिंग अधिकारी समाधान करेंगे। जबकि सैटर्न हॉल में मीडिया के लिए गैलरी बनाई जा सकती है। हॉल में सेरेमनी का सजीव प्रसारण होगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को 113 अतिथियों को एयरपोर्ट पर उतरना था देर शाम तक 80 अतिथि एयरपोर्ट पर उतरे। अन्य के देर रात में या सोमवार सुबह पहुंचने की संभावना है।

▸▸ स्वागत में लगाए गए 300 अधिकारी

20-25 चार्टड विमान आने की संभावना : सेरेमनी में 20-25 चार्टड विमान के आने की संभावना है। इन विमानों के पार्किंग को लेकर एयरपोर्ट प्रशासन सतर्क है। सूत्रों के मुताबिक विमान अधिक होने की स्थिति में उद्योगपतियों के चार्टड विमान कानपुर के चकेरी, वाराणसी, गोरखपुर और दिल्ली एयरपोर्ट पर भेजे जा सकते है। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह तय समय में लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से अतिथियों को लेकर उड़ान भरेंगे।

20 को हो सकती है सीएसआर कॉन्क्लेव

लखनऊ। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कारपोरेट सोशल रिस्पांस्बिलटी (सीएसआर) कान्क्लेव का आयोजन 20 फरवरी को हो सकता है। कान्क्लेव का आयोजन समाज कल्याण विभाग की ओर से कराया जाएगा। तीन बड़ी कंपनियों ने समाज कल्याण विभाग को आर्थिक रूप से सहयोग किया है। आश्रम पद्धति विद्यालय से लेकर छात्रावासों तक में सुविधाएं देने के लिए धनराशि दी है। कान्क्लेव के दौरान कोल इंडिया, एचएएल और हिंडालको कंपनी के प्रतिभागियों को मुख्य सचिव सम्मानित करेंगे।

शहर में आज

- जानकीपुरम-इकाना स्टेडियम में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी मैच - 9:30 बजे।
- सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शिनी योजना के सेक्टर बी के सेंट जोसेफ स्कूल में स्वास्थ्य मेला - 2:30 बजे।
- रविन्द्रालय प्रेक्षागृह (चारबाग) में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की व्यापारी रैली - 4:00 बजे।
- गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता - 4:00 बजे।

एक नजर

रक्षा मंत्री आज पहुंचेंगे लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे। रक्षा मंत्री सुबह 11:15 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि सेरेमनी के बाद सोमवार को रक्षामंत्री सीतापुर रोड स्थित प्रियदर्शिनी योजना के सेक्टर बी में सेंट जोसेफ स्कूल परिसर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में शामिल होंगे। 20 फरवरी को सुबह 11 बजे आउटर रिंग रोड का अवलोकन करेंगे। दोपहर 2 बजे ऐशबाग पीली कॉलोनी पार्क में ओपन जिम का निरीक्षण करेंगे।

नगर निगम सदन की बैठक 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम सदन की बैठक 23 फरवरी को सुबह 10 बजे से नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ हॉल में आयोजित की जाएगी। नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर लिए गए निर्णय पर चर्चा करके अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। निधि बढ़ाने की मांग पर पार्षद हंगामा कर सकते हैं।

शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई दूसरे दिन की सिपाही भर्ती परीक्षा

वरिष्ठ अधिकारी करते रहे निगरानी, 113 केंद्रों पर करीब एक लाख अभ्यर्थी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में सिपाही भर्ती परीक्षा दूसरे दिन शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुई। रविवार को दोनों पालियों में करीब एक लाख अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। कहीं से किसी गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई।

परीक्षा के लिये राजधानी में तकरीबन 2.74 लाख अभ्यर्थियों के लिये 113 सेंटर बनाये गये थे। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के लिये अलाधिकारियों के अलावा इंस्पेक्टरों को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। रविवार को दोनों पालियों में परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गयी। कक्ष के अंदर भी टीमें निगरानी करती रहीं। कई सेंटरों पर संदेह होने पर अभ्यर्थियों की दोबारा तलाशी ली गयी। राजधानी में बने केंद्रों पर कई जिलों के अलावा मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार, हरियाणा और झारखंड के परीक्षार्थी भी परीक्षा देने पहुंचे। कहीं से किसी अप्रिय घटना की जानकारी सामने नहीं आई है।

वहीं, परीक्षा छूटने के बाद रेलवे और बस स्टेशन के आसपास की सड़कों पर जाम लगा नजर आया। चारबाग में तो रविंद्रालय से दुर्गापुरी स्टेशन तक वाहनों की कतारें लगी रहीं। यही हाल आलमबाग, कैसरबाग और अयोध्या रोड पर अवध डिपो के आस पास रहा। दोपहर करीब ढाई बजे बसपा सुप्रीमो का काफिला गोल्फ क्लब चौराहे के पास जाम में फंस गया। इस दौरान वीवीआइपी फ्लीट का रिहर्सल भी रहा था।

राम-राम चौराहे स्थित बाल कुंज इंग्लिश स्कूल के बाहर सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर लगी अभ्यर्थियों की लंबी लाइन। अमृत विचार

शहर में कई जगह जाम से लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस परीक्षा की वजह से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। लोगों को दिन भर जाम से जूझना पड़ा। रविवार को शहर में कई स्थानों पर लगे भीषण जाम में लोग घंटों फंसे रहे। विभिन्न जिलों और प्रदेशों से अभ्यर्थी पुलिस परीक्षा देने राजधानी के केन्द्रों पर जमा हुए। परीक्षा से पहले और छूटने पर सड़कों पर भीड़ बढ़ गई। परीक्षा छूटने पर अभ्यर्थी बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन की ओर जाने लगे। यातायात पुलिस की निष्क्रियता और अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण कई चौराहों पर जाम लग गया। चारबाग, आलमबाग, अवध चौराहा, कैसरबाग, बर्लिंगटन, चौक, हैदरगंज, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग चौराहा और तेलीबाग चौराहा पर लोग घंटों जाम में फंसे रहे। राजधानी के बालागंज में रहने वाले दीपू त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को चौक से डालीगंज पुल तक भीषण जाम रहा। जिसकी वजह से कार्यालय पहुंचने में एक घंटे लेट हो गये। इसी तरह खाला बाजार की रहने वाली उज्मा ने बताया कि मां को दिखाने के लिए निजी अस्पताल जाना था, लेकिन भीषण जाम की वजह से देर हो गई। अस्पताल पहुंची तब तक डॉक्टर उठकर जा चुके थे।

दुबग्गा चौराहे पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

परीक्षा में पूछे गए कानून व्यवस्था से जुड़े सवाल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन के प्रश्न पत्रों में कानून व्यवस्था से जुड़े सवाल ज्यादा पूछे गए। यूक्रेन से भारतीयों को निकालने के लिए चले अभियान और रामायाण के रचियता का नाम भी पूछा गया। गणित और रिजनिंग सवाल ने अभ्यर्थियों को उलझाए रखा।

राजधानी के दयानंद इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकले राहुल तिवारी ने बताया कि गणित और रिजनिंग के सवाल काफी कठिन थे। अन्य विषय के सवालों को हल करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अनुज सिंह ने कहा कि परीक्षा में कानून को लेकर सवाल ज्यादा थे। गणित के सवालों ने सबसे ज्यादा समय लिया। हाल के घटनाक्रमों पर भी सवाल आए। अनुज सिंह ने बताया कि यूक्रेन में जंग के समय फंसे भरतीय को निकलाने की जो प्रक्रिया थी उसके बारे में भी पूछा गया।

रोज अखबार पढ़ने वालों के लिए आसान था पेपर

अमृत विचार से बातचीत में अभ्यर्थी श्रीकांत वर्मा, अर्जुन शर्मा, राजन कुमार, प्रमोद यादव ने कहा कि जो परीक्षार्थी रेगुलर न्यूज पेपर पढ़ते हैं उनके लिए प्रश्नपत्र काफी आसान रहा। उन्होंने बताया कि कई सवाल ऐसे थे जो हाल में हुई घटनाओं से जुड़े थे। अभ्यर्थियों ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था में हुए परिवर्तन से जुड़े सवालों को भी पूछा गया था।

अभ्यर्थियों ने कहा घुमावदार सवालों में उलझे

परीक्षा के बाद ओंकार यादव, नीरज वर्मा, मो. हारून ने बताया कि कई सवाल ऐसे थे जो काफी घुमाकर पूछे गये थे। इनसें दिक्कत हुई। परीक्षार्थियों के मुताबिक अंतधार्मिक जोड़े को कट्टरपंथी संगठनों से उत्पीड़न की धमकी मिलती है और धार्मिक रीति रिवाजों की वजह से संपत्ति के अधिकार से वंचित करने पर आप क्या करेंगे'' जैसे सवाल हल करने में समय लग गया।

सर्द हवाओं के साथ हो सकती है बारिश

अमृत विचार, लखनऊ : आने वाले दिनों में सर्द हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने आरेंज अलर्ट किया है। मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, आने वाले दिनों में बारिश हो सकती है। तेज और सर्द हवाओं के चलने का भी अनुमान है।

बताते हैं कि पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी खत्म नहीं हुआ है, इसलिए वायुमण्डलीय दबाव बना हुआ है। वैसे तो, बारिश की संभावना पश्चिमी क्षेत्र में अधिक है, लेकिन इसका असर मध्य क्षेत्र में भी देखने को मिल सकता है। अगले पांच दिनों के भीतर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। ऐसे में मौसम वैज्ञानिकों ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अधिक सतर्क रहने के लिए कहा गया है। वहीं रात के तापमान में परिवर्तन हुआ है। लखनऊ और उसके आसपास न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, पछुआ हवाओं का असर तेजी से देखने को मिला है। आने वाले दिनों में हवाओं की रफ्तार करीब 50 किमी प्रति घंटा अथवा उससे अधिक होने की संभावना है।

सिपाही भर्ती परीक्षा देने के बाद घर वापसी के लिए रविवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़। अमृत विचार

एनआरएलएम के मिशन मोड से दूर लाखों परिवार

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन मोड से लाखों परिवार दूर हैं। 10 जिलों को छोड़कर शेष परिवारों को समूह से नहीं जोड़ पाए हैं। न ही परिवारों का विवरण सखी एप पर अपलोड कर पाए हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर सोशल मोबिलाइजेशन कैम्पेन चल रहा है। इसमें मनरेगा और आवास आदि के 49 लाख परिवारों को समूह से जोड़कर उनका विवरण सखी एप पर अपलोड करना है। यह काम ग्राम स्तर पर 100 प्रतिशत करना है। इसकी समीक्षा की गई तो गूगलशीट के अनुसार 2023-24 में 46 लाख परिवार ही जोड़े गए। इसमें सखी एप पर 20.35 लाख परिवारों का विवरण अपलोड किया गया। केंद्र की इस योजना में परिवारों का विवरण ऑनलाइन करना है। समूह का ऑनलाइन विवरण होने से उन्होंने योजनाओं का लाभ मिलेगा और प्रगति पता चलेगी। इस कार्य में आजमगढ़, आगरा, अमरोहा, हमीरपुर, गाजियाबाद, बागपत, शामली, मैनपुरी, हापुड़ व सुल्तानपुर को छोड़कर बाकी जिले पीछे हैं। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इन जिलों को छोड़कर बाकी के मुख्य विकास अधिकारी को 23 फरवरी तक 100 प्रतिशत परिवारों को जोड़ने के साथ सखी एप पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षा देकर लौट रहे भाई-बहन को बस ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लक्ष्मण मेला मैदान के पास रविवार को सिपाही भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे भाई-बहन की स्कूटी में एक रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में भाई आयूष मौर्य (23) और बहन साक्षी मौर्य (21) की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हजरतगंज प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, महानगर कोतवाली क्षेत्र के रहीम नगर निवासी आयुष मौर्य, बहन साक्षी के साथ स्कूटी से सिपाही भर्ती परीक्षा देने गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनों स्कूटी से वापस लौट रहे थे। इसी बीच, लक्ष्मण मेला मैदान के पास पीछे से आ रही रोडवेज बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचाया।

साक्षी और आयूष मौर्य।

- लक्ष्मण मेला मैदान के पास हुआ हादसा

वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिनाख्त होने के बाद परिजन को जानकारी देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिता कृष्ण कुमार मौर्य की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एक साथ घर पहुंचे भाई-बहन के शव : पोस्टमार्टम के बाद एक साथ भाई-बहन के शव उनके घर पहुंचे। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। बच्चों के शव देखकर पिता बिखड़ पड़े। नाते-रिश्तेदार उन्हें सांत्वना दे रहे थे।

बहन को सिपाही भर्ती परीक्षा दिलाकर लौटे भाई ने दी जान

संवाददाता, मलिहाबाद

- युवक भी कर रहा था पुलिस भर्ती की तैयारी

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र के रसूलपुर गांव में शनिवार शाम सिपाही भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वह शाम को ही बहन को पुलिस भर्ती की परीक्षा दिलाकर घर लौटा था। पुलिस ने परिजन से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अतिरिक्त प्रभारी रहीमाबाद अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि रसूलपुर गांव निवासी पुत्ती लाल वर्मा पुलिस में सिपाही थे। वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त भी हो गए थे। उनका अविवाहित बेटा विवेक कुमार वर्मा (22) इंटरमीडिएट के बाद दो वर्षों से बहन राजश्री के साथ पुलिस में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। शनिवार को बहन की पुलिस भर्ती के लिए परीक्षा थी। विवेक बहन को परीक्षा दिलाकर शाम को घर लौटा और कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजन ने आवाज लगाई। अंदर से उत्तर न मिलने पर झरोखे से झांका। कमरे में विवेक रस्से से बने फंदे पर पंखे के हुक से लटका दिखा। परिजन ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर विवेक को फंदे से उतारकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक अविवाहिता था। घटनास्थल से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

आरक्षित सीटों पर बिना टिकट परीक्षार्थियों ने किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा स्पेशल ट्रेनों से नहीं मिली राहत, सभी इंतजाम धरे रहे गए

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद स्टेशन पर पड़ी परीक्षार्थियों की भीड़ से रविवार को व्यवस्था चरमरा गई। तत्काल तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा हुई, इसके बावजूद अन्य ट्रेनों में अफरा तफरी रही। बहुत से बिना टिकट परीक्षार्थियों ने आरक्षित बोगियों में सीटों पर कब्जा कर लिया। चारबाग और लखनऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भीड़ के आगे आरपीएफ व अन्य अधिकारी असहाय नजर आए। विशेष ट्रेनों से 12 हजार परीक्षार्थी चारबाग से रवाना किए गए।

रविवार शाम परीक्षार्थियों की भीड़ रेलवे स्टेशन पर उमड़े पर अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन रेलवे ने तीन परीक्षा स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की। तीनों ट्रेनें लखनऊ के चारबाग से पटना के लिए दोपहर तीन बजे से रात नौ बजे के बीच रवाना की गईं। तकरीबन 12 हजार अभ्यर्थियों को इन ट्रेनों से भेजा गया। इसके बावजूद स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हुई। ट्रेन नंबर 04250 लखनऊ से दोपहर तीन बजे चारबाग से सुल्तानपुर के रास्ते निहालगढ़, बनारस होते हुए पटना के लिए रवाना हुई। दूसरी स्पेशल ट्रेन शाम सात बजे और तीसरी रात नौ बजे रवाना की गई।

इससे पहले चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर मौजूद भारी भीड़ ट्रेन नंबर 12876 में घुस गई। दिल्ली के आनन्द विहार से पुरी जाने वाली नीलांचल एक्सप्रेस में परीक्षार्थी आरक्षित डिब्बों में घुस गए। मौके पर आरपीएफ ने सीटी बजाकर लाठी फटकारते हुए परीक्षार्थियों को काबू में करने की कोशिश की लेकिन परीक्षार्थियों पर कोई फर्क नहीं दिखा। सफर के लिए परीक्षार्थियों ने अपने जान भी जोखिम में डाल दी। दरवाजों से लटकते हुए दर्जनों परीक्षार्थी ट्रेन से रवाना हुए। किसान, दून, जनता, चित्रकूट सहित कई ट्रेनों में परीक्षार्थियों को आरपीएफ जवान की निगरानी में परीक्षार्थियों को रवाना किया गया। इस दौरान उत्तर रेलवे के डीआरएम एसएम शर्मा टीम के साथ स्टेशन पर मुस्तैद रहे। देर रात तक ट्रेनों के अभ्यार्थियों को भेजने का सिलसिला जारी रहा।

एक लाख परीक्षार्थियों ने किया बसों में सफर

रेलवे स्टेशन ही नहीं राजधानी के बस अड्डों पर भी परीक्षार्थियों की भीड़ शाम छह बजे जुटनी शुरू हो गई। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार पिछले तीन दिनों में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने बसों से आवागमन किया। चारबाग और अवध बस स्टेशन पहुंचे परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कर उन्हें रवाना किया गया। रविवार को करीब 15 हजार परीक्षार्थियों को अतिरिक्त बसों से भेजा गया। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के अनुसार आलमबाग बस टर्मिनल से तकरीबन 16 शहरों के बीच अतिरिक्त बसों का संचालन परीक्षार्थियों के लिए किया गया।

लाइसेंसी बंदूक से पत्नी को गोली मार कर पति फरार

अमृत विचार, लखनऊ/काकोरी : पारा थाना क्षेत्र में शराब पीने का विरोध करने पर पति ने लाइसेंसी बंदूक से पत्नी को गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस चौकी हंसखेड़ा क्षेत्र की नई कांशीराम कॉलोनी के 28/12 ब्लॉक निवासी विमल कुमार यादव शराब पीने का आदी है। रविवार रात भी वह शराब पीकर घर पहुंचा था। करीब 10 बजे पत्नी सोनी (30) से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच काफी देर कहा सुनी होती रही। इससे मामला बढ़ गया। आक्रोशित विमल ने लाइसेंसी रिवाल्वर से जान से मारने की नीयत से पत्नी के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही सोनी खून से लथपथ होकर गिर गयी। गोली की आवाज सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन सोनी को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पड़ोसियों का कहना है कि सोनी ने विमल से लव मैरिज शादी की थी। सोनी उदयगंज की रहने वाली है। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार ने बताया तहरीर मिलने पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। महिला के पेट में गोली लगी है।

फेम अकादमी महिलाओं को बनाएगी सक्षम

अमृत विचार, लखनऊ : फेम अकादमी महिलाओं को समक्ष बनाने के साथ उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान करेगी। इन्दिरा नगर के सेक्टर 17 में रविवार को भाजपा नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा सीता नेगी ने फेम इंडिया द्वारा कोको मेक-अप स्टूडियो और अकादमी का शुभारंभ किया। इस मौके पर पार्षद कल्पना वर्मा भी उपस्थित रहीं। अध्यक्ष ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलायें सक्षम होंगी और आत्मनिर्भर बनेंगी। स्टूडियो की संस्थापिका फरजाना खान ने कहा कि फेम अकादमी जरूरतमंद महिलाओं और बच्चियों को मेकअप का सम्पूर्ण प्रशिक्षण देगी।

परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की छुट्टी पर रोक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- बोर्ड परीक्षा और चुनाव ड्यूटी के कारण लिया गया निर्णय
- बीमारी और बहुत जरूरी होने पर दिया जाएगा अवकाश

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश स्वीकृत किए जा रहे हैं। रोक से चाइल्ड केयर लीव व मेडिकल अवकाश के लिए दिक्कत आ रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारियों का कहना है कि काफी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा और बीएलओ व चुनाव ड्यूटी में लगी है।

ऐसे में यदि बाकी शिक्षकों को अवकाश दिया जायेगा तो कक्षा 1 से 8 तक विद्यालय बंद होने की स्थिति आ जायेगी। बीएसए लखनऊ राम प्रवेश ने बताया कि गंभीर बीमारी के मामले में अवकाश दिया जा रहा है, लेकिन सामान्य तौर पर रोक लगाई गई है। हरदोई बीएसए विजय प्रताप सिंह का कहना है कि शिक्षकों के अगर अवकाश मंजूर किए जाते हैं तो इस समय काफी दिक्कत हो सकती है। दूसरी ओर सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली में भी वही स्थिति है। इस बारे में निदेशालय स्तर पर अधिकारियों का कहना है कि विद्यालयों में स्थिति को देखते हुए बीएसए की ओर से अवकाश मंजूर करने के निर्देश हैं। चुनाव व बोर्ड परीक्षा के समय समस्या है, लेकिन गंभीर बीमारी वालों को अवकाश दिया जा रहा है।

शहर में आज घर से निकलने से पहले जान लें मार्ग बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के मद्देनजर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रहेगा रूट डायवर्जन

अमृत विचारः आज घर से निकलने से पहले नए रास्तों की जानकारी जरूर कर लें, नहीं तो समस्याओं से जुझना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के चलते राजधानी कई रूटों पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक यातायात डायवर्ट किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 का उद्घाटन करने आ रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहीदपथ और लोहिया पथ पर डायवर्जन लागू किया गया है। ऐसे में यदि विजयीपुर, आईजीपी चौराहा, पिकअप भवन, लोहिया पार्क चौराहा, ओवर ब्रिज, लोहिया विंग, हाईकोर्ट मोड़ की तरफ जाना है, तो वैकल्पिक मार्ग देखकर घर से निकलें। एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार ने बताया कि वीवीआईपी मूवमेंट के चलते डायवर्जन लागू किया गया है। यह व्यवस्था सुबह 11 से शाम 4 बजे तक लागू रहेगी।

आवाजाही के लिए जानें वैकल्पिक मार्ग

- विजयीपुर से आईजीपी चौराहा होकर पिकअप भवन की तरफ वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग विजयीपुर से बाएं मंत्री आवास रोड होकर किसान बाजार के सामने से मधुरिमा कट से होकर पुराने ओवर ब्रिज होते हुए लोहिया पार्क चौराहा तय किया गया है।
- लोहिया पार्क चौराहा से नये ओवर ब्रिज पर तिराहे से लोहिया विंग की तरफ वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी। इन रूट के वाहनों के लिये वैकल्पिक रास्ता पॉलिटेक्निक होकर तय किया गया है।
- किसान बाजार रोड से मेघा मोटर्स तिराहे से आईजीपी चौराहा की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सिनेपॉलिस तिराहा से विजयीपुर होकर कमता की ओर व मधुरिमा कट से पुराने ओवर ब्रिज होकर लोहिया पार्क चौराहे की तरफ तय किया गया है।
- हाईकोर्ट मोड़ से आईजीपी चौराहा की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग हाईकोर्ट से बांस मंडी तिराहा होकर राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल की ओर व पॉलिटेक्निक होकर तय किया गया है।
- पिकअप ढाल से आईजीपी की तरफ वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इस रूट के वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल तिराहे से बांसमंडी होकर वेव मॉल के सामने से पॉलिटेक्निक होकर तय किया गया है।

इन रास्तों पर न जाएं

- सुबह 11.00 से शाम 4 बजे तक विजयीपुर शहीद पथ अंडरपास से आईजीपी चौराहे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।
- लामार्ट गोल्फ चौराहा से 1090 समतामूलक होकर आईजीपी से विजयीपुर मार्ग पर भी जाने से बचें।
- कमता और कठौता की ओर जाने वाले लोग आईजीपी चौराहा से जाने के स्थान पर पॉलिटेक्निक की तरफ आवाजाही कर सकेंगे।
- वीवीआईपी आवागमन के चलते शहीद पथ पर जाने से होने वाली परेशानी बचने के लिए कार्यक्रम का समापन होने तक इस ओर जाने से बचें।

पुलिस आयुक्त ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में हो रहे आयोजन में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। इसके चलते कार्यक्रम स्थल से लेकर आसपास के एरिया में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके की सुरक्षा व्यवस्था परखी। उधर, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने बताया ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को देखते हुए लखनऊ पुलिस के 2600 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से भी करीब 780 से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी है। पांच-पांच पीएसी कंपनियां भी तैनात रहेंगी। 600 पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था पर मोर्चा संभालेंगे।

बकायेदारों से मांगा ब्योरा

अमृत विचार, लखनऊ : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की जनवरी में ऋण वितरण की वसूली औसत से कम रही। इसमें 35 जिले सबसे पीछे रहे। जिनके जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से निदेशक ने स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही बकायेदारों से किए गए संपर्क का फोटो समेत विवरण मांगा है। 1994 से 2011 तक विभाग के ऋण वितरण के लाभार्थियों पर करोड़ों रुपये फंसे हैं। इसे वसूलने के लिए सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को बकायेदारों से संपर्क करना है और उन्हें प्रेरित कर रुपये जमा कराने है। निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने निर्देश और वसूली का लक्ष्य दिया है। जो जनवरी में औसत से भी कम है। विभाग 21.67 करोड़ में 66.71 लाख रुपये वसूल पाया है। इससे औसत 3.8 प्रतिशत है। 35 जिलों की प्रगति ज्यादा खराब है। संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी से निदेशक ने स्पष्टीकरण मांगा है।

100 करोड़ से संवरेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत हुई फंडिंग
- संकायों के पुनरुद्धार सहित अन्य विभागों का होगा कायाकल्प

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही नए कलेवर में नजर आने वाला है। यहां संकाय ही नहीं, लैब की सूरत भी बदली नजर आएगी। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत हुई फंडिंग इस बदलाव में सहयोगी बनने जा रही है।

दरअसल, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) कार्यक्रम के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक बुनियादी ढांचे, अनुसंधान क्षमता और समग्र शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में मदद देना प्रस्तावित है। विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि इस धनराशि का उपयोग प्रयोगशालाओं को उन्नत करने, कक्षाओं को आधुनिक बनाने, नवाचार केंद्रों को बढ़ावा देने और अंतः विषय अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए किया जाना है। इन व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए जल्द ही शुरुआत की जाएगी।

शिक्षा की गुणवत्ता पर दिया जाएगा जोर

लविवि कुलपति ने बताया कि पीएम-ऊषा कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इसके सहारे अनुसंधान सुविधाएं और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाया जाएगा। वित्तीय सहायता के माध्यम से विश्वविद्यालय में नए केन्द्र भी स्थापित कराना लक्ष्य में सम्मलित है। कुलपति का कहना है कि विश्वविद्यालय में सीखने और अनुसंधान की क्षमता बढ़ेगी। नवाचार के लिए अनुकूल माहौल तैयार होगा। इस उपलब्धि से विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान बनाने के शासन के दृष्टिकोण को अपनाया जाएगा, जो विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्नातक तैयार करते हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

अवैध निर्माण का विरोध करने पर युवक से मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्र के मुताबिक, सिविल कोर्ट के अधिवक्ता अमित यादव ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे दबंग कचहरी परिसर में स्थित बहुखण्डीय भवन के पास बने चबूतरे पर कुछ मजदूरों के सहयोग से लोहे के एंगल और टीन शेड लगाकर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। विरोध करने पर दबंगों ने उस पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

भूमि के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : विरामखंड निवासी अजय सिंह ने बताया विक्रांत खंड स्थित उनके प्लाट पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान 20 से 25 हमलावर पहुंचे और मजदूरों को पीट कर भगा कर प्लाट में लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ कर डीवीआर लूट ले गये। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया अजय सिंह की तहरीर पर दूसरे पक्ष के नौ लोगों को नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसी मामले विक्रांत खंड-1 निवासी अवधेश कुमार ने भी अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट व मारपीट आदि की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

फंदे से लटकता मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : विकासनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत रविवार को राधेश्याम (25) का शव घर में फंदे से लटकता मिला। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, सेक्टर- पांच निवासी राधेश्याम पत्नी और बच्ची संग रहता था। भाई दुर्गा प्रसाद ने बताया कि बीते कुछ समय से वह काम नहीं करता था।

अवैध संबंध के चलते हुई गार्ड की हत्या, चार गिरफ्तार

नेहरू विहार कॉलोनी में शनिवार देर रात महिला ने गला दबाकर पति को उतारा था मौत के घाट

▸▸ पति को रास्ते से हटाने के लिए 15 दिन पूर्व रची थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुडम्बा थानाक्षेत्र अंतर्गत नेहरू विहार कॉलोनी में शनिवार देर रात अवैध सम्बन्धों के चलते एक महिला ने प्रेमी के संग मिलकर सिक्योरिटी गार्ड पति गुरु प्रसाद यादव उर्फ नीरज (40) की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात को अन्जाम देकर भाग रहे हत्यारोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान हत्यारोपियों ने जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी समेत चार लोगों की गिरफ्तारी की है।

पुलिस ने संज्ञान लेकर दर्ज की रिपोर्ट-प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चारपाई पर मृत अवस्था में मिले सिक्योरिटी गार्ड के शव को कब्जे में लेते हुए हत्यारोपी पत्नी पूनम को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था गुरु प्रसाद

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल के मुताबिक, क्षेत्र के नेहरू विहार कॉलोनी निवासी गुरु प्रसाद यादव उर्फ नीरज सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। वह पत्नी पूनम यादव और दो बेटों के संग रहता था। पूनम ने बताया कि घर की तंगहाली के चलते वह बाहर काम करने लगी। इस बीच उसकी दोस्ती प्रतापगढ़ के शाहबड़ी निवासी शिवकुमार से हो गई। दोनों में नजदीकियां भी बढ़ गई। प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि शिवकुमार इंदिरानगर के खुर्रमनगर क्षेत्र में दोस्त राज गौतम और रवि शर्मा के साथ रहता है। वहीं, सिक्योरिटी गार्ड गुरु प्रसाद यादव नशे का आदी था। जिस वजह से वह पूनम से मारपीट करता था। 15 दिन पूर्व पति की प्रताड़ना से तंग आकर पूनम ने प्रेमी शिवकुमार के संग पति को रास्ते से हटाने की साजिश रची ली। शिवकुमार ने इस साजिश में दोस्त राज गौतम और रवि शर्मा को भी शामिल कर लिया।

शक के आधार पर पुलिस ने पकड़ा

हत्यारोपी पत्नी पूनम ने बताया कि वारदात को अन्जाम दिलाने के लिए शनिवार रात उसने घर का मेनगेट अंदर से बंद नहीं किया। रात करीब पौन दो बजे प्रेमी शिवकुमार दोस्त राज और रवि के संग पूनम के घर दबे पांव पहुंचा। इस दौरान कमरे में गुरू प्रसाद गहरी नींद में सो रहा था। इसी बीच दोस्त राज और रवि ने गुरू प्रसाद के हाथ-पांव पकड़ लिए। उसके बाद शिवकुमार ने सिक्योरिटी गार्ड का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अन्जाम देने के बाद हत्यारोपी घटनास्थल से बाहर चले। उनके जाने के बाद पूनम ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि करीब सवा दो बजे पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने शिवकुमार व उसके दोस्त राज और रवि को संदिग्ध मानकर रोक लिया था। तीनों बेहद घबराए हुए थे। पुलिस ने पूछताछ की तो वह इधर-उधर की बातें करने लगे। शक के आधार पर पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब हत्यारोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया।

कनेक्शन काटने पर लेसा टीम पर हमला

संवाददाता, महिलाबाद

▸▸ संविदाकर्मी ने रहीमाबाद थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : रहीमाबाद के तरौना गांव में बिजली के बड़े बकाएदारों का कनेक्शन काटने गई लेसा टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। किसी तरह टीम के सदस्य घटनास्थल से बचकर निकले। इसके बाद संविदाकर्मी ने दबंगों के खिलाफ रहीमाबाद थाने में लिखित शिकायत देते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

अतिरिक्त प्रभारी रहीमाबाद अनिल कुमार वर्मा के मुताबिक, लेसा ने रहीमाबाद के ग्राम तरौना में बिजली बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कर्मचारी सुनील द्विवेदी, सतीश कुमार 11 हजार रुपये के बकाये पर गया प्रासाद के घर का कनेक्शन काट दिया। इससे उपभोक्ता भड़क गया और लाठी-डंडे से कर्मचारियों की पिटाई शुरू कर दी। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। किसी तरह कर्मचारी जान बचाकर उपकेंद्र पहुंचे। इसके बाद जूनियर इंजीनियर अजीत सिंह ने रहीमाबाद थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। कार्यवाहक थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच करके मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

घर में घुस कर मारपीट, दो पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर स्थित माती निवासी अमित कुमार कनौजिया ने बताया शनिवार शाम गांव में रहने वाले आसिफ खान और सन्नू ने रंजिश में उसके भाई सुमित कुमार, बहन अर्चना और मां गिरेश कुमारी से गाली गलौज किया। विरोध करने पर आरोपी तीनों को पीटने लगे। शोर सुनकर अमित पहुंचा तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। मारपीट में मां और बहन को चोटें आई हैं। पुलिस ने आसिफ खान और सन्नू के खिलाफ मारपीट व एससी/ एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी गांव के समीप की घटना

▸▸ कार्ड बांटकर बाइक से घर लौट रहा था सुरेंद्र

अमृत विचार : बंथरा इलाके में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लिया है।

उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत छोटी बहेरिया निवासी सुरेंद्र यादव (30) के परिवार में शादी है। रविवार को बिजनौर में कार्ड बांटकर सुरेंद्र बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में बंथरा के कुरौनी गांव के समीप मिट्टी लादकर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे आनन फानन सरोजनीनगर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं भागने का प्रयास कर रहे डंपर चालक को आसपास के लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बिस्तर पर मिला फोटोग्राफर का शव

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी में रविवार सुबह फोटोग्राफर प्रदीप श्रीवास्तव (55) का शव घर में बिस्तर पर पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीन वर्ष से पत्नी रुक्मणि से उनका विवाद चल रहा है। वह तीन बच्चों के संग उसी घर में पहली मंजिल पर रहती है। जबकि प्रदीप दूसरे तल पर अकेले रहते थे। सप्ताह भर पूर्व प्रदीप कामकाज के सिलसिले से बाहर गए थे। 14 फरवरी को वह वापस लौटे। जिसके बाद वह कमरे से बाहर नहीं निकले। इस पत्नी रुक्मणि ने पड़ोसी से दूसरी मंजिल पर जाकर देखने को कहा। कई आवाज देने के बाद कोई जवाब नहीं आया। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर भीतर गई तो प्रदीप बेड पर मृत हालत में पड़े थे। परिवार वालों के मुताबिक प्रदीप नशे के आदी थे।

गार्ड की बंदूक से चली गोली, युवक की मौत

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▸▸ पुलिस कंट्रोल रूम पर दुर्घटना की दी गई सूचना

▸▸ केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में युवक ने तोड़ा दम

अमृत विचार : दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत माल रोड चौराहे के समीप बहुमंजिला इमारत में शनिवार देर रात एक युवक जबरन घुस आया। सिक्योरिटी गार्ड के रोकने जाने पर दोनों में झड़प हो गई। इस बीच सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक से चली गोली युवक के पेट मे लग गई। पुलिस कंट्रोल रूम पर दुर्घटना की जानकारी दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवक को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गोली लगने से मौत होने की पुष्टि की।

बहुमंजिला इमारत में माल के थावर ग्राम पंचायत के बरुवा गांव निवासी कमलेश सुरक्षा गार्ड है। पूछताछ में सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि बीती रात अमन इमारत में चोरी करने की नीयत से घुसने लगा। इस पर उसने अमन को रोकने का प्रयास किया तो वह झगड़ने लगा। तभी उसकी दोनाली बंदूक से निकली गोली अमन के पेट में लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस घटना के बाद सिक्योरिटी गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक छिपा दी थी। पुलिस ने उदय को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ की जिसकी निशानदेही पर बंदूक बरामद की गई है। बताया कि सिक्योरिटी गार्ड पर गैर-इरादतन हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र के माल रोड चौराहे पर निजी कंपनी द्वारा बनाई गई बहुमंजिला इमारत है। सुबह तड़के राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी कि जेहटा माल रोड किनारे पर एक्सीडेंट के बाद एक युवक घायल अवस्था मे पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायल को फौरन केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने गोली लगने से मौत होने की पुष्टि की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक की शिनाख्त शाहपुर भमरौली गांव निवासी अमन (22) के रूप में हुई।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मिलीं साइकिलें व घड़ी। अमृत विचार

विधायक की टीम ने सुनीं समस्याएं, बांटे साड़ी-कुर्ता

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को हरौनी गांव में आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 23 लोगों ने आवास, राशन कार्ड, किसान सम्मन निधि, सड़क, नाली, सोलर लाइट, हैंडपंप खराब होने की समस्या बताई। मेट्रो ट्रेन संचालन की बढ़ोतरी की मांग भी हुई। टीम ने जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में गांव की शान पहल के तहत मेधावी खुशी वर्मा, मयंक चौधरी, रविनेत्री सिंह व आद्या स्तुति को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हरौनी में स्पोर्ट्स क्लब का गठन कर युवाओं को स्पोर्ट किट, बेंती में वृद्ध महिलाओं को साड़ी व बुजुर्गों को कुर्ता दिया गया। तारा शक्ति निशुल्क रसोई के जरिए भोजन उपलब्ध कराया गया। दौरान भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान, संदीप कुमार, अनिकेत सिंह, पुन्नू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

एसयूवी को टक्कर मार कर पलटी इनोवा, किशोर घायल

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया पार्क चौराहे के पास रविवार रात इनोवा चल रहे किशोर ने सड़क किनारे खड़ी एसयूवी में टक्कर मार दी। टक्कर से बेकाबू हुई इनोवा पलटने से उसमें सवार किशोर घायल हो गया। गोमतीनगर थाने के दारोगा दिलीप कुमार ने बताया कि लोहिया पार्क चौराहे से बीबीडी बैडमिंटन अकादमी जाने वाली रोड पर रविवार रात करीब 8 बजे के आसपास हादसा हुआ। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इनोवा से किशोर को निकाल कर पुलिस के पहुंचने से पहले अस्पताल भिजवाया। दारोगा का कहना है कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहन कब्जे में लिया है। नंबर की मदद मालिकों का पता लगाया जा रहा है। उधर, गोमतीनगर के मिठाई वाला चौराहा के पास नेवी के रिटायर्ड अधिकारी से बेकाबू कार डिवाइडर तोड़ कर कुछ दुकानों को तोड़ कर पान की गुमठी में टक्कर मार क्षतिग्रस्त हो गई। राहत की बात रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

पत्नी के सिर पर किया वार, मानसिक संतुलन बिगड़ा तो छोड़ आया मायके

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाना क्षेत्र का मामला पीड़ित पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने महिला के सिर पर डंडा मार दिया। मानसिक संतुलन बिगड़ने पर उसे मायके छोड़ आया। पीड़ित पिता ने पति समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बंथरा बाजार निवासी राजपाल यादव ने बताया बेटी सारिका की शादी 17 जून 2023 को नगराम के बिजिलका निवासी रामकुमार के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालवाले दहेज की मांग को लेकर सारिका को प्रताड़ित करने लगे। 18 अगस्त को ससुरालवालों ने सारिका के गहने और 20 हजार रुपये छीन लिये। विरोध करने पर पति राम कुमार ने उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया। इससे वह बेहोश हो गयी थी। अस्पताल में भर्ती कराया तो पता चला कि सारिका का मानसिक संतुलन बिगड़ गया। यह पता चलते ही रामकुमार चुपके से सारिका को मायके में घर के बाहर छोड़ कर चला गया। वह घर पहुंची तो कुछ बता नहीं सकी। राजपाल ने दामाद के पास कॉल की तो 5 लाख रुपये और बुलेट देने के बाद ही सारिका को ले जाने की शर्त रखी। इंस्पेक्टर बंथरा ने बताया आरोपी रामकुमार, सावित्री, खुशबू, सुनीता, मुलायम और जैल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला का शव फंदे से लटकता मिला

अमृत विचार आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली अंतर्गत महिला घर में फंदा से लटकी मिली। परिजन अस्पताल ले गये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आजाद नगर निवासी अमृता (37) पत्नी सदानंद रविवार सुबह कमरे में पंखे के हुक पर दुपट्टे के फंदा से लटकी मिली। कमरे में पहुंचे पति ने उसे आनन-फानन फंदा से उतार कर लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। परिजन कारण नहीं बता पा रहे हैं। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

सार-संक्षेप

मत्स्य उत्पादन में आगे, सीएम डैशबोर्ड में पीछे

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में मस्त्य उत्पादन में वृद्धि हुई है। लेकिन, सीएम डैशबोर्ड में गलती खराब प्रगति के कारण 64वीं रैंक मिली है। इससे जिले को ई श्रेणी में रखा गया है। विभाग ने इसे फीडिंग में गलती बताकर सुधार के लिए पत्राचार किया है। जिले में मत्स्य उत्पादन के साथ अन्य श्रोतों में पिछले वर्षों की अपेक्षा 30 वृद्धि हुई है। यह विभाग के लिए उपलब्धि है। लेकिन, सीएम डैशबोर्ड पर पिछले माह खराब प्रगति दर्शा रही है। इससे विभाग को 64 वीं रैंक मिलने से ई ग्रेड में रखा गया है और 10 अंक मिले हैं। हालांकि विभाग ने इसे आकलन करने में गलती होना बताया है। सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश चौहान ने नोडल अधिकारी इसमें सुधार करने के लिए पत्र लिखा है। यह दर्शाया कि इससे अधिक वृद्धि संभव नहीं है। और कम रैंकिंग दर्शाने से विभाग को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

जानकीपुरम में लगा बिजली कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : पावर कारपोरेशन की ओर से रविवार को कैंप लगाया गया। इस दौरान लोगों ने घरेलू कनेक्शनों को कामर्शियल कनेक्शनों मे बदलने की जानकारी ली। रहीम नगर के अधिशासी अभियंता अक्षय कुमार ने बताया कि इस कैंप में लोगों को विभाग से जारी नये दिशा निर्देश के बारे में बताया गया। जिसमें अब घरेलू कनेक्शनों से व्यवसायिक काम नही किये जा सकेंगे। इस दौरान कई उपभोक्ताओं ने घर मे चल रही दुकानों के लिए कामर्शियल कनेक्शन लिये।

घर में चोरी कर रहे दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में शनिवार को बंद घर में चोरी करने घुसे दो चोरों को मकान मालिक ने पड़ोसियों की मदद से रंगेहाथ दबोच लिया। गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत सेक्टर-6 निवासी भगवान यादव ने बताया शनिवार को घर में ताला बंद कर राम मनोहर लोहिया अस्पताल गये थे। शाम करीब 7 बजे लौटे तो दरवाजे का लॉक टूटा मिला। अंदर घुसे तो दो अनजान युवक सामान समेटते नजर आये। उन्हें देख दोनों ने हमला कर भागने का प्रयास किया। पड़ोसियों ने दोनों की पिटाई कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों की पहचान बाघामऊ निवासी कुलदीप यादव और विनीत यादव के रूप में हुई। आरोपियों ने बताया कि वह काफी दिनों से घर की रेकी कर रहे थे। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेची सरकारी जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : बिजनौर थाने में एक सर्राफ ने सलीम, रुस्तम, सोहराब गैंग के एक गुर्गे के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आरोप है कि धोखाधड़ी कर गहरू गांव की सरकारी जमीन को बेच दिया है। ठाकुरगंज थानाक्षेत्र के सराय माली खां निवासी सर्राफ देवेंद्र रस्तोगी की चौक गोल दरवाजा के पास आभूषणों की दुकान है। पीड़ित सर्राफ ने बताया कि सलीम, रुस्तम, सोहराब गैंग के एक गुर्गे ने बिजनौर के गहरू गांव में हाइवे-किनारे जमीन दिलाने के नाम पर 52 लाख रुपये लिए थे। पड़ताल की तो पता चला कि जालसाज ने सरकारी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक खसरा नंबर पर कई लोगों को जमीन बेच दी। इस सम्बन्ध में सर्राफ ने बिजनौर थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

आपत्तिजनक फोटो भेज शादी तुड़वाने की दी धमकी

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाने में एक युवक ने शोहदे पर छेड़खानी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, पीड़ित ने रामविहार कॉलोनी, राजाजीपुरम रोड निवासी संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शोहदा काफी वक्त से बहन (26) को परेशान कर रहा है। नंबर ब्लॉक करने पर नए-नए नंबर से कॉल करता है। बताया कि पूर्व में बहन संदीप से परिचित थी। उसका गलत रवैया और आचरण देख बहन ने उससे दूरी बना ली थी। इसी बीच उन्होंने बहन का रिश्ता तय कर दिया। जब यह बात संदीप को पता चली तब उसने बहन के फोटोग्राफ को एडिट कर उसके वाट्सएप नंबर पर भेज दिए। विरोध करने पर आरोपी बहन को शादी तुड़वाने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

फंदे पर लटकने से हुई थी विवाहिता की मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : काकराबाद में विवाहिता की मौत फंदे में लटकने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। माल थानाक्षेत्र अंतर्गत काकराबाद में विवाहिता सुनीता (22) का शव का शव 16 फरवरी को बाग में पेड़ पर फंदे पर लटकता मिला था। भाई विनोद ने ससुराल पक्ष वालों पर हत्या कर आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विनोद ने दहेज के लिए बहनोई छोटेलाल पर सुनीता से मारपीट करने और गला दबाकर हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया पोस्टमार्टम में फंदा लगाने से मौत की पुष्टि हुई है। नामजद पति छोटे लाल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

ट्रक मालिक व चालक पर स्क्रैप बेच नौ लाख हड़पने की रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाने में पंजाब निवासी ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ नौ लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। थाना अंतर्गत अनौरा निवासी बबलू ने चालक रणधीर सिंह और पंजाब के नारायणगढ़ निवासी ट्रक मालिक गुरप्रीत सिंह पर स्क्रैप बेचकर नौ लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। बबलू ने बताया उसकी यूपी-पंजाब ट्रांसपोर्ट कंपनी है। 14 दिसंबर को उसके ट्रांसपोर्ट से चालक रणधीर सिंह ट्रक में नादरगंज स्थित लाल बाबू के गोदाम से स्क्रैप लोड कर पंजाब के लिए निकाला था। उसे जेएमके इंडस्ट्रीज में स्क्रैप पहुंचाना था। कंपनी संचालक से बात हुई तो पता चला कि रणधीर माल लेकर नहीं पहुंचा। ट्रक मालिक व चालक से बात की तो टाल मटोल कर कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सके।

नाबालिग को बहला कर ले जाने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

सरोजनीनगर, लखनऊ : सरोजनीनगर इलाके में रहने वाली नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने वाले के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित मां ने बताया 14 फरवरी की रात 11 बजे उसकी 13 वर्षीय बेटी लापता हो गयी थी। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिली। पता चला कि मोनू राज नामक युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। आरोप है कि किशोरी के मोबाइल पर मोनू के तीन मोबाइल नंबर मिले हैं। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की बात कही है।

सरकारी नाली व हैंडपंप पर कब्जा करने का आरोप

संवाददाता, काकोरी

▸▸ आरोपियों ने निर्माण कराकर हैंडपंप बाउंड्री के अंदर कर लिया

अमृत विचार : काकोरी थाना क्षेत्र के सेमरामऊ में सरकारी नाली की जमीन और हैंडपंप पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत सेमरामऊ निवासी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि गांव में सरकारी नाली और हैंडपंप के आसपास की जमीन पर गांव के कुछ लोग कब्जा करने की नीयत से निर्माण करा रहे हैं। आरोपियों ने निर्माण कराकर हैंडपंप अंदर कर लिया है। इससे आसपास के परिवारों को पीने के पानी की किल्लत हो रही है।

ग्रामीणों ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गये। ग्रामीण राजेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सियाराम, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार उर्फ जिम्मी, पवन कुमार, कमल सिंह, धीर सिंह, गोलू, बुद्धा लाल, जमुना प्रसाद ने थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई कर सरकारी जमीन व हैंडपंप कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। इंस्पेक्टर काकोरी ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नकली एलईडी बल्ब बरामद, आरोपी पर कार्रवाई

आलमबाग, लखनऊ : शहर में प्रतिष्ठित कंपनियों के नाम पर नकली एलईडी बल्ब बेचे जाने का मामला सामने आया है। मानक नगर इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया क्राम्पटन ग्रीव्स ली कंपनी के अधिकारी निखिल ठाकुर निवासी नई दिल्ली की सूचना पर शनिवार शाम अमन इलेक्ट्रॉनिक में छापेमारी की गई। यहां से करीब 2405 लोकल एलईडी बल्ब और डुप्लीकेट माल तैयार करने के लिए लेजर प्रिंटिंग मशीन, प्रिंटिंग कलर आदि बरामद किये गये। आरोपी दुकानदार अमन के खिलाफ कॉपीराइट के उल्लंघन की कार्रवाई की गई है।

चेकिंग में चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : वाहन चेकिंग के दौरान बंथरा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ बाराबंकी निवासी आरोपी को पकड़ा है। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत राघव ने बताया शनिवार रात करीब 9:30 बजे पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान नारायणपुर चौराहा पर एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया। आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस कर्मियों ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान मूलतः बाराबंकी के देवा थाना अंतर्गत कुम्हारन पुरवा निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई। उसने बताया कि वर्तमान में वह चिनहट के गोइला, नेवादा शीतल रेजिडेंसी में रहता है। उसके पास से बरामद बाइक चोरी की बताई। कहा कि 25 दिन पहले बाराबंकी के बिशनपुर से चोरी की थी। इंस्पेक्टर ने बताया बाइक कब्जे में लेकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

वहीं रविवार को ब्लू डॉट तिराहे के पास पुलिस ने गोंडा के उमरी बेगमगंज स्थित परास गांव निवासी मो. अरमान को स्कूटी समेत पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने स्कूटी एसएस होटल के पास से चोरी की थी। उसके कब्जे से कब्जे से स्कूटी समेत तीन दो पहिया वाहन बरामद किये गये।

विशेषज्ञों की सलाह

चिंतित न हों किसान, तापमान बढ़ने पर आएगी बौर

अधिक सर्दी, मौसम में बदलाव से पिछड़ी आम की फसल

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : इस बार सर्दी अधिक पड़ने और लगातार मौसम खराब होने का प्रभाव आम की फसल पर भी पड़ा है। बसंत ऋतु शुरू होने के बाद भी आम की फसल में बौर नहीं आए हैं, इससे किसान परेशान हैं। हालांकि किसानों को चिंतित होने की जरूरत नहीं, तापमान बढ़ने पर आम में बौर आने लगेंगे।

बसंत ऋतु आने के साथ ही सामान्यता दशहरी, लंगड़ा, चौसा एवं सफेदा सहित सभी प्रजातियों के आम के पेड़ों में बौर दिखाई देने लगते थे। इस बार बसंत ऋतु शुरू होने के बाद भी बौर दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे आग पट्टी क्षेत्र के किसान परेशान हैं। कृषि विशेषज्ञ बौर न आने के लिए कम तापमान को कारण बता रहे हैं।

चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह का कहना है कि इस वर्ष अधिक ठंड पड़ी है। काफी दिनों से तापमान एक समान बना रहा। इसी का असर आम फसल के पुष्पम पर पड़ा है। आम में पुष्पन (बौर आने के लिए) 22 से 25 डिग्री सेल्सियस तक तापमान होना चाहिए। अभी भी मौसम में अधिक ठंडक है। इसी कारण आम में बौर नहीं निकल रहे हैं। किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अगले एक सप्ताह बाद मौसम में परिवर्तन होगा, तब आम में अच्छा पुष्पम होगा।

बसंत ऋतु शुरू होने के बाद भी आम के पेड़ों में नजर नहीं आ रही बौर। अमृत विचार

बौर आने के लिए न करें रसायन का छिड़काव

कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र ने बताया मौसम में बदलाव के साथ ही बौर आने लगेंगे। बौर के लिए किसान किसी भी प्रकार की रसायन का प्रयोग न करें। बागों की निगरानी करते रहें। बहुत जहरीले रसायनों का प्रयोग बिल्कुल ना करें। गर्मी बढ़ने के साथ आम में भुंनगा कीट एवं मैगो मिलीबग कीट की समस्या बढ़ेगी। खर्रा बीमारी की समस्या भी बढ़गी, इससे सचेत रहें। किसान नजदीकी कृषि सेवा केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय से वैज्ञानिक सलाह लेने के बाद ही कीटनाशक एवं फफूंदी नाशक दवाइयां का प्रयोग करें। फसल में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर टोल फ्री नंबर 06392113392 पर संपर्क करें।

युवक का मोबाइल और पर्स चोरी

संवाददाता, आलमबाग : कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने मोबाइल व पर्स चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने बताया कि 11 फरवरी को आजादनगर निवासी आशीष सिंह एक धार्मिक स्थल पर गये थे। जहां भीड़भाड़ में उनकी जेब से आईफोन, पर्स और एटीएम चोरी हो गया था। पीड़ित ने बताया चोरों ने एटीएम कार्ड से कई बार ट्रांजेक्शन कर उसके बैंक खाते से रुपये निकाल लिये। मोबाइल फोन पर मैसेज आने पर कार्ड ब्लाक कराया है। पुलिस ने बताया मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

एक नजर

हुसैनी टाइगर्स से जुड़ रहे सभी धर्मों के लोग

अमृत विचार, लखनऊ : शिया संगठन हुसैनी टाइगर्स के कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम का आयोजन चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरान मआब में किया गया। संगठन के अध्यक्ष नकी हुसैन ने कहा कि पूरे देश के शिया, सुन्नी, हिंदू सब धर्म के नौजवान लगातार हुसैनी टाइगर से जुड़ रहे हैं। संगठन के महामंत्री शहजाद आब्दी ने कहा कि हुसैनी टाइगर्स का मकसद अजादारी की रक्षा करना के साथ देश में कौमी एकता को बरकरार रखना है।

गोंड जनजाति समुदाय ने की समीक्षा बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : गोंड जनजाति समुदाय समाज की हिंदी मीडिया सेंटर गोमती नगर में समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में कई जिलों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने रीत रिवाजों, धार्मिक, आर्थिक व सांस्कृतिक परम्पराओं की व्याख्या की। बैठक पूर्व पुलिस अधीक्षक दयाराम गोंड ने कहा कि जल्द ही एक शिष्ट मंडल मुख्यमंत्री से मिलकर गोंड जनजाति के लंबित प्रस्तावों के निस्तारण की मांग करेगा।

वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत हुए 40 बच्चे

अमृत विचार, लखनऊ : सरस्वतीपुरम रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव रविवार को जानकीपुरम विस्तार में मनाया गया। कला प्रतियोगिता में शामिल 40 बच्चों को सार्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी, महासचिव अजय यादव, संरक्षक ज्ञानचंद प्रसाद, संरक्षक अशोक राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र मोहन मिश्रा, पुनीत पांडे, ऑडिटर वीरेंद्र कनौजिया, मुकेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष डॉ मुकुंद पटेल समेत बड़ी संख्या में कालोनी के लोग मौजूद रहे।

पुलिस एथलेटिक्स आज

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 71वीं उत्तर प्रदेश पुलिस एथलेटिक्स, खो-खो, साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी उत्तर प्रदेश सुजीत पाण्डेय करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए प्रदेश भर से खिलाड़ी रविवार की शाम को राजधानी पहुंच गए। स्थानीय खिलाड़ियों ने आज यहां पर अभ्यास भी किया।

गंदगी और चोक नालियां बनीं विवेकानंदपुरी की पहचान

जिम्मेदारों की उपेक्षा के कारण उखड़ गईं सड़क की गिट्टियां, बल्लियों के सहारे टिके हैं टूटे हुए बिजली के खंभें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : पॉश इलाकों में शामिल विवेकानंदपुरी वार्ड की पहचान अब बदल गई है। वार्ड की पहचान अब गंदगी, चोक नाले, कूड़े का अंबार, टूटे बिजली के खंभे हो गए हैं। सड़कों की हालत यह है कि छोटे-छोटे हादसे रोज होते है। लोग चोटिल भी होते है। कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है। पर, कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। अमृत विचार की टीम ने रविवार को इस वार्ड की हकीकत देखी। टीम के सामने स्थानीय लोगों को गुस्सा भी फुट पड़ा।

विवेकानंदपुरी वार्ड में पानी की समस्या बढ़ गई है। यहां लगे हैंडपंप सूख गए है। हैंडपंप के आसपास की खाली जमीन पर कूड़े डाल दिए जा रहे है। जिसे नगर निगम के सफाई कर्मचारी महीनों नहीं उठाते हैं। साफ पानी के लिए स्थानीय लोग तरस रहे हैं। हालात यह है कि इलाके के कई घरों में आरओ प्लांट से पानी खरीदे जा रहे हैं। जलनिकासी के लिए बने नाले पूरी तरह से चोक हो गए हैं। इसका पानी सड़कों पर बह रहा है।

अमृत विचार, आपके द्वारा टीम : नीरज अभिषेक, छायाकार- राजकुमार

हाइडिल कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर लगा गंदगी का अंबार व खराब पड़ा हैडपंप। अमृत विचार

पुराने महानगर से छन्नी लाल चौराहे की ओर जाने वाली जर्जर सड़क। अमृत विचार

नालियां चोक, नहीं होती सफाई

विवेकानंदपुरी वार्ड का घनी आबादी वाला इलाके बड़ा चांदगंज में नालों पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इन पर लोगों ने घर बना लिया। इसके कारण नाले की सफाई नहीं हो पाती है। हमेशा चोक रहता है। घरों से निकलने वाला पानी और कूड़ा इसमें इकट्ठा हो गया। पास से निकलते समय लोग बदबू से बचने के लिए नाक व मुंह ढंक लेते है। बजबजाती नालियों के कारण इलाके में संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में सफाई कर्मचारी महीनों नहीं आते हैं। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर ही कूडा फेंकने को मजबूर हैं।

गंदगी से भरी चोक नाली को दिखाता स्थानीय युवक।

लोगों ने बताईं परेशानियां

चारों तरफ कूड़ा फैला है, नाला चोक पड़ा है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सफाई कर्मी यहां कभी नहीं आते। पार्षद व नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत हुई, लेकिन समस्या का निदान नही हुआ।

-राहुल कनौजिया

नियमित सफाई ना होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसके कारण मलेरिया ज्यादा तेजी से फैलता है। अधिकारी यहां की समस्याओं को दूर करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं।

-तारावती

पार्षद ध्यान नहीं दे रहे हैं। चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नाले से लेकर स्ट्रीट लाइटें तक खराब पड़ी है। जिम्मेदारों ने समस्या को पार्षद से करने की सलाह देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

-सुनील कुमार

घर के पास लगा बिजली का पोल किसी भी समय गिर सकता है। पार्षद से इस समस्या को बताया, लेकिन उन्होंने ने भी सुनवाई नहीं की। यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

-अंकित

सफाई न होने के कारण बदबू से घर में बैठना तक मुश्किल हो जाता है। पार्षद से शिकायत भी की, लेकिन वह भी सांत्वना ही देते हैं।

-अनिता

लोगों ने नाले के ऊपर ही मकान खड़े कर दियें है। ऐसे में नाले की सफाई नहीं हो पाती है। इसके चलते हर गली में नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। पूरे क्षेत्र में मच्छरों की भरमार है। कभी भी दवा का छिड़काव नहीं किया जाता है।

-रमेश

पेयजल की समस्या बड़ी है। इलाके में लगे हैंडपंप और सबमर्सिबल दोनों खराब पड़े है। अभी यह हाल है तो गर्मी में क्या होगा। पार्षद से शिकायत करने के बाद भी ठीक नहीं हुआ।

-बबलू कनौजिया

पार्षद इलाकों में वोटरों को देखकर काम कराते हैं। इसीलिए हम लोग विकास के मापदंडों में नही आते है। नालियों की सफाई, पानी की समस्या को लेकर पार्षद से गुहार लगाई, लेकिन कुछ नही हुआ।

-मधु यादव

इलाके में सफाईकर्मी कभी नहीं आते है। पार्षद भी नहीं दिखते हैं। ऐसे में क्षेत्र में व्यवस्था कैसे ठीक होगी। पानी, नाला और सड़क पर जिम्मेदार ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।

-राम दुलारी

राजधानी के वीआईपी इलाके की सड़के टूटी है। इस पर चलना दूभर है। यहां कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। शिकायतों के बाद भी हालात नहीं बदले।

-अजय कुमार

बंद हैं ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें

इलाकों की ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें खराब हो चुकी है। कई बिजली के पोल लटक गए हैं। इनके गिरने का खतरा हर वक्त बना रहता है। हादसे से बचने के लिए स्थानीय लोगों ने बल्लियों का सहारा लिया है। ताकि ये खंभे न गिरे। इलाके में अंधेरा होने के कारण चोरी व महिलाओं के साथ अपराध होने का खतरा भी ज्यादा है।

बड़ा चांदगंज छप्परतला में बल्लियों के सहारे टिकाया गया विद्युत पोल।

जर्जर हो चुकी है पेयजल आपूर्ति की लाइन

पेयजल की आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। नालों और सीवरों से गुजरने वाली पेय जल पाइप लाइन टूट जाने से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। इसके कारण लोग आए दिन बीमार भी पड़ रहे हैं। पाइप लाइन बदले जाने को लेकर क्षेत्रीय निवासी यहां पर धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

महानगर के नारायण प्रसाद मार्ग पर खराब पड़ी पानी की पाइपलाइन।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले पूरा हुआ सीवर लाइन बिछाने का काम

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के महत्वपूर्ण सीवर लाइन (जीएच कैनाल सीवेज पंपिंग स्टेशन की राइजिंग मेन) बदलने का कार्य का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले पूरा कर लिया गया। इसके लिए यातायात पुलिस और लोक निर्माण विभाग ने पूरा सहयोग दिया।

वन सिटी वन ऑपरेटर के तहत सीवर के रखरखाव का काम करने वाली कंपनी सुएज इंडिया ने प्रधानमंत्री के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आगमन से पहले सीवर लाइन बदलने का काम पूरा कर लिया। यह काम कंपनी ने यूपी जल निगम, यूपी पुलिस और पीडब्ल्यूडी के साथ समन्वय से व्यस्ततम 1090 चौराहा पर कार्य पूरा किया। काम को पूरा करने में कंपनी को महज छह दिन लगे। यूपी जल निगम के परियोजना प्रबंधक डी.के. सिंह ने कहा सभी विभागों का आभार जो सबने युद्ध स्तर पर कार्य को पूर्ण कराने में सहयोग दिया। कंपनी के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा कि टीम और जनता दोनों की सुरक्षा का ख्याल रखते हुए काम को समय से पूरा किया गया है।

शक्ति तीर्थ का लोकार्पण और सम्मान समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : मां दुर्गा उत्थान समिति की ओर से त्रिवेणी नगर में रविवार को आयोजित समारोह में शक्ति तीर्थ स्मारिका का लोकार्पण और प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित व पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह का सम्मान किया गया।

इस मौके पर दिनेश चन्द्र अवस्थी, प्रो. उषा बाजपेई, इंजीनियर सुनील बाजपेई, रमा सिंह, मंगेश लताश्री, प्रो. संगीता शुक्ला और डॉ. अनुराधा पाण्डेय ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामकृष्ण पाण्डेय ने किया।

सरकारी अस्पतालों में लगे हेल्थ एटीएम हो रहे कबाड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नियमों की अनदेखी कर शहर में 15 से अधिक सरकारी अस्पतालों में लगाए गए हेल्थ एटीएम का उपयोग न होने के कारण कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि हेल्थ एटीएम में जांच का शुल्क मरीजों को देना पड़ता है। जबकि, अस्पतालों की लैब में मुफ्त जांच हो रही है। ऐसे में मरीज इन एटीएम पर जांच के लिए नहीं जा रहे हैं।

हेल्थ एटीएम में विशेषज्ञ परामर्श का शुल्क भी मरीजों को देना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है इन एटीएम को अस्पताल की बजाए ग्रामीण इलाकों में स्थापित कराया जाए तब मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

स्मार्ट सिटी के तहत जिले में 100 हेल्थ एटीएम का संचालन हो रहा है। इनमें से बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, रानीलक्ष्मीबाई, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी अलीगंज, रेडक्रॉस, एनके रोड, इंदिरानगर, सिल्वर जुबली, मोहनलागंज सीएचसी, चिनहट सीएचसी समेत करीब 15 स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगे हैं। इन हेल्थ एटीएम पर खून से जुड़ी जांच की सुविधा शुरू हो गई है। इसकी जिम्मेदारी एसजीपीजीआई की है। इन केंद्रों पर मरीजों को विशेषज्ञ से परामर्श के लिए 200 रुपए फीस तय है।

बलरामपुर अस्पताल में लगी हेल्थ एटीएम मशीन। अमृत विचार

▸▸ सरकारी अस्पतालों में परामर्श और खून की जांच मुफ्त होने के कारण हेल्थ एटीएम बना शो-पीस

> हेल्थ एटीएम सरकारी अस्पताल में लगाए जाने के बारे में जानकारी नहीं है। इस मामले में शासन के अधिकारी अधिक जानकारी दे पाएंगे।
>
> **-प्रो .आरके धीमान,** निदेशक, पीजीआई

सरकारी अस्पताल व सीएचसी में लगाए गए हेल्थ एटीएम पर मरीज जांच के लिए नहीं जा रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त जांच की सुविधा मिल रही है। जबकि अस्पताल परिसर में लगे हेल्थ एटीएम में खून से जुड़ी जांच का शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में अस्पतालों में लगे केंद्रों पर मरीज खून से जुड़ी जांच नहीं करवा रहे हैं। हेल्थ एटीएम रखे-रखे बेकार हो रहे हैं। अस्पताल प्रभारियों का कहना है अस्पतालों में खून से जुड़ी जांच-परामर्श व दवा मुफ्त मिलती है। ऐसे में एटीएम पर मरीज शुल्क देकर जांच नहीं कराते हैं।

पीजीआई में घटेगी एमआरआई की वेटिंग

अमृत विचार, लखनऊ : संजय गांधी पीजीआई में एमआरआई के लिए मरीजों को लंबी वेटिंग से निजात मिलेगी। यहां दो नई एमआरआई मशीनें लगने का काम शुरू हो गया है। यह मशीनें रेडियोडायग्नोसिस विभाग और इमरजेंसी मेडिसिन में लग रहीं हैं।

संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन का कहना है कि मशीनों का संचालन शुरू होने से वेटिंग में काफी कमी आएगी। अभी तक दो से तीन महीने तक कि वेटिंग है। गंभीर मरीजों की एमआरआई 24 घंटे के भीतर करने की व्यवस्था की जाएगी। डॉ. धीमन ने बताया लिवर ट्रांसप्लांट यूनिट (एलटीयू) में नई सीटी स्कैन मशीन लग गई है। यहां भर्ती गैस्ट्रो और हेपेटोलॉजी विभाग के मरीजों को जांच की सुविधा इस बिल्डिंग में मिलेगी। इसके अलावा एक सीटी स्कैन मशीन इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में लगायी जा रही है। जल्द ही दोनों मशीनों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा।

आरोग्य मेले में मौजूद लोग व स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : अमृत विचार

आरोग्य मेले में 5528 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों(सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों(पीएचसी) पर रविवार को आरोग्य मेला आयोजित हुआ। मेले में आए कुल 5528 लोगों का स्वास्थ्य चेकअप कर दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञों ने उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी देने के साथ ही अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के बारे में भी स्वास्थ्य कर्मियों ने जानकारी दी। वहीं, परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया गया और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए गए। इसके अलावा ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार को लेकर जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के सम्मेलन के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, साथ में अन्य। अमृत विचार

छह व्यापारी बने भामाशाह, तीन को मिला उद्योग रत्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के व्यापारी सम्मेलन में छह व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार और तीन उद्यमियों को उद्योग रत्न से सम्मानित किया गया। रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने रविवार को इन व्यापारियों और उद्यमियों को पुरस्कृत किया।

सम्मलेन एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि देश का किसान अगर अन्नदाता है तो विकास की गाथा का हिस्सा देश के करदाता हैं। भारत के विकास का केंद्र बिंदु व्यापारी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आजादी के स्वतंत्रता आंदोलन में सेठ जमनालाल बजाज, घनश्याम दास बिरला जैसे लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज वर्तमान में महिलाओं की हिस्सेदारी पूरे देश के अंदर 14 प्रतिशत है। आज जितने भी स्टार्टअप बन रहे हैं, उसमें 35 प्रतिशत स्टार्टअप की डायरेक्टर-निदेशक महिलाएं हैं। अगर व्यापार और व्यापारी मजबूत होगा तो प्रदेश और देश मजबूत होगा।

ये हुए सम्मानित

राज्यपाल ने भामाशाह रत्न से सुधीर हलवासिया, सलिल विश्नोई, अजीत सिंह बग्गा, संतोष गुप्ता, राजू जयराम, गोविंद बाबू टाटा को सम्मानित किया। इसी तरह उद्योग रत्न सम्मान से मनोज गोयल, मुरलीधर आहूजा और संदीप अग्रवाल को नवाजा गया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि देश के 11 करोड़ खुदरा व्यापरियों की कई समस्याएं हैं। जिनका निराकरण होना चाहिए। उन्होंने समस्याओं को राज्यपाल के सामने रखते हुए खुदरा व्यापार मंत्रालय के गठन की मांग रखी। इस दौरान संगठन से जुड़े कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

40 लोगों ने दिखाई माय स्टांप में रुचि

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन में लगी प्रदर्शनी में डाक विभाग ने भी माय स्टांप का स्टाल लगा रखा है जिसमें रविवार को लगभग 40 लोगों ने माय स्टांप में रुचि दिखाई और अपनी फोटो के साथ शीट को खरीदा। पुष्प प्रदर्शनी में आये हुए लोगों ने माय स्टांप में दिलचस्पी दिखाई। कई लोग परिवार की फोटो लेकर आये और कई लोगों ने प्रदर्शनी में ही अपनी फोटो खिंचवाकर माय स्टांप को खरीदा। 300 सौ रुपए देकर लोगों ने अपनी फोटो खिंचवाई। यह डाक विभाग की एक अनूठी पहल है। इसके अंतर्गत लोग अपनी शादी की सालगिरह, बच्चे का जन्मदिन व अन्य कार्यक्रमों में फोटो खिचवाकर माय स्टांप की शीट पर छपवा सकते है। इस स्टांप में 240 रुपए बनाने का खर्च आता है और 60 रुपए उपभोक्ता को मिलते है जिसका उपयोग वह रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट व अन्य डाक कार्यों में कर सकता है। इस संबंध में जीपीओ के चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि माय स्टांप लोगों में बहुत पसंद किया जा रहा है। शादी, वैवाहिक वर्षगांठ की फोटो एवं अन्य कार्यक्रमों को भी माय स्टांप की शीट पर प्रिंट करवा रहें है।

गायन प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा ने जीता प्रथम पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की नर्सरी की छात्रा आध्या सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबंधक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अतिक्रमण से 13 फीट चौड़ा नाला बचा 5 फीट

बिजनौर रोड पर किला मोहम्मदी नाले पर अतिक्रमण, लोगों ने नाले पर बनाए मकान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : 10 लाख आबादी की जलनिकासी के लिए एकमात्र 13 फीट चौड़ा नाला अतिक्रमण से पांच फीट का रह गया है। बिजनौर रोड पर किला मोहम्मदी नाले की चौड़ाई बहुत कम हो गयी है। लोगों ने नाले पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे बारिश में नाला ओवरफ्लो हो जाता है। इससे आशियाना, शारदा नगर, रुचि खंड, रजनी खंड, कानपुर रोड, गीतापल्ली, कृष्णा नगर, विजय नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है।

बारिश के समय नगर निगम को यहां पम्प लगाकर बारिश का पानी निकालना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए शासन ने नगर निगम को नाला बनाने के लिए 68 करोड़ रुपये का बजट दिया है। इससे नगर निगम वीआईपी रोड नहर से रेलवे लाइन तक लगभग 4.5 किलोमीटर नाला पक्का बनाएगा। नाला बन जाने से कुछ हद तक जलभराव से राहत मिल जाएगी लेकिन समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हो सकेगा। बिजनौर रोड के पास जब तक नाले से अतिक्रमण नहीं हटेंगे तब तक जलभराव से जनता को राहत मिल पाएगी।

▸▸ आशियाना क्षेत्र में जलभराव का है मुख्य कारण

▸▸ नाला बन जाने से नहीं होगा समस्या का समाधान

▸▸ 65 करोड़ से नगर निगम बनाएगा 4.5 किलोमीटर नाला

तीन विभागों को मिलकर हटाने हैं अतिक्रमण

नाले से अतिक्रमण हटाने के लिए तीन विभागों को जिम्मेदारी दी गयी है। जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और पुलिस नाले से अतिक्रमण हटाएंगे। इसके बाद नगर निगम नाले का निर्माण शुरु करेगा। सिंचाई विभाग के इस नाले की लम्बाई आशियाना से सईं नदी तक लगभग 54 किलोमीटर है। नाले पर जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण कर लिए हैं। अवैध निर्माण चिन्हित करने के बाद भी नोटिस तक जारी नहीं की गयी है।

> अतिक्रमण से नाला सकरा हो गया है। जिससे बारिश में नाला ओवरफ्लो हो जाने से जलभराव हो जाता है। जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग और पुलिस के सहयोग से नाले के अतिक्रमण हटाये जाएंगे।
>
> **-इन्द्रजीत सिंह,** नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

तकनीकी समस्या भी जलभराव का कारण : आशियाना से लेकर बिजनौर रोड तक निर्माण में तकनीकी समस्या भी जलभराव का कारण है। शहीद पथ के पास रेलवे लाइन का बेड नाले की पुलिया से ऊंचा है और गर्डर नीचे है। रेलवे को पुलिया का लेवल नीचा करने के साथ इसे चौड़ा करना है। एनएचएआई ने पुलिया का लेवल ऊंचा कर दिया साथ ही रेलिंग भी। इससे नाले में हमेशा पानी भरा रहता है। ओवरफ्लो होने पर ही नाले का पानी निकलता है।

एक नजर

ट्रांसगोमती के कई इलाकों में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के ट्रांसगोमती के कई क्षेत्रों में आज बिजली गुल रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र के अंतर्गत पोषित 11 केवी फीडर विकासनगर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही जनरल पोल फीडर पर नये पोल लगाने का काम किया जायेगा। जिसके चलते इस फीडर के सप्लाई वाले इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति को बंद किया जायेगा। इसके अलावा 11केवी हिग फीडर और निराला नगर फीडर पर पेडों की कटाई-छटाई का कार्य किया जायेगा। इससे अलीगंज के एलडीए मार्केट, सेक्टर आई, जी, क्यू, दूधमंडी और चौधरीटोला सेक्टर क्यू, सी, डी कपूरथला चौराहा, इंद्रिरानगरी, एमजी कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली नही आयेगी।

रोजगार के लिए पंजीयन और प्रशिक्षण में पीछे

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र कौशल विकास मिशन की तरफ से रोजगार के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाना है। लेकिन, कई जिले युवाओं का पंजीयन नहीं कर पाए हैं। प्रशिक्षण प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। कौशल विकास मिशन ने जिलों पर युवाओं को ऑनलाइन रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देने के लिए सेवाप्रदाता का चयन किया है। जो युवाओं का पंजीयन कर प्रशिक्षित करेंगे। यह ऑनलाइन प्रशिक्षण 10-12 घंटे का है। लेकिन, पोर्टल पर अधिकांश जिले युवाओं का पंजीयन नहीं कर पाए हैं। इससे प्रशिक्षण प्रभावित है। जबकि इस ऑनलाइन प्रशिक्षण की महत्ता है। इसे प्राप्त करने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। उपनिदेशक मयंक गंगवार ने सभी जिला समन्वयक को लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूर्ति के निर्देश दिए हैं।

गांव की महिलाएं निकल रहीं आगे, शहर की रफ्तार धीमी

बेटी बचाओ- बेटी बढ़ाओ योजना और महिलाओं की स्थितियां जानने के लिए किए गए शोध में हुआ खुलासा

जीशान कदीर, लखनऊ

- सीतापुर, हरदोई, फतेहपुर और फर्रुखाबाद जनपद में हुआ सर्वे
- शासन के निर्देशों के आधार पर जुटाया गया है इनपुट

डॉ. रुचिता सुजय चौधरी

अमृत विचार : गांव की माटी में जन्मी महिलाएं और बेटियां अब शहर वासियों से दस कदम आगे हैं। वो खुलकर हर सवाल का जवाब ही नहीं दे रहीं, बल्कि कुछ नये आयाम भी गढ़ रही हैं। ये खुलासा केन्द्र सरकार की योजना में चुनी गईं भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की प्रवक्ता के शोध में सामने आया है। इन्होंने लखनऊ से जुड़े सीतापुर सहित चार जनपदों का सर्वे किया, जिसमें शहरी महिलाओं की अपेक्षा गांव की माटी की तस्वीर बेहतर नजर आई है।

दरअसल, केन्द्र सरकार के इण्डियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) ने स्पेशल काल योजना के अन्तर्गत शार्ट टर्म इंपेरिकल रिसर्च में महिलाओं की भूमिका और उनके मानसिक स्तर को जानना चाहा। इसके लिए उन्होंने उप्र में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को चुना। इनको जिम्मेदारी मिली कि उन चार जनपदों का सर्वे करें, जो लखनऊ के निकट हो। इसमें बेटी बचाओ- बेटी बढ़ाओ योजना और महिलाओं की स्थितियों को जानना था। डॉ. रुचिता बताती हैं कि उन्होंने अपने सर्वे में सीतापुर, हरदोई, फतेहपुर और फरुर्खाबाद जनपदों को चुना। इसमें अलग-अलग क्षेत्र, वर्ग और स्थितियों से जुड़ी 400 से अधिक महिलाओं से बातचीत की। वैकल्पिक प्रश्नों के अलावा सामाजिक सरोकार से जुड़े सवाल भी शामिल रहे। सर्वे में महिलाओं से जुड़ी गांव की तस्वीर शहरी वासियों की अपेक्षा बेहतर नजर आई है।

चार जनपदों में बेटियों की बढ़ी जन्मदर

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2014-2019 में आए रिर्पोट में पाया गया था कि इन चार जनपदों में बेटियों की जन्म दर का अनुपात एक हजार के सापेक्ष 918 से कम है। मानक से कम जन्म दर को आधार बनाकर ही केन्द्र सरकार ने सर्वे कराया है। बताती हैं कि वर्तमान सर्वे में ये दर 918 को पार कर 929 पहुंच चुकी है।

शहर की महिलाओं में झिझक और रोक-टोक

सर्वे रिपोर्ट में सामने आया है कि शहर की महिलाओं से की गई बातचीत में झिझक और परिवार की रोक-टोक शामिल है। इन सबके बावजूद उनमें पढ़ाई का स्तर गांव की अपेक्षा अधिक है।

बेटी बचाओ योजना दिखी कारगर

चाइल्ड सेक्स रेशियो और सेक्स रेट ऑफ बर्थ की रिपोर्ट बीते वर्ष की अपेक्षा बढ़ोतरी की ओर है। दोनों ही रिपोर्ट में बेटियों की जन्म दर बढ़ी है। बेटी बचाओ योजना का कारगर असर शोधकर्ता की रिपोर्ट में है।

बहुविकल्पीय प्रश्नों में भ्रूण हत्या भी शामिल

बेटियां पढ़ेगी तो कैसा रहेगा, घर से बाहर नौकरी, भ्रूण हत्या सहित अन्य विषय सम्मिलित हैं।

सीबीएसई 10वीं-12वीं में अहम विषयों की परीक्षाएं आज से

अमृत विचार लखनऊ: केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षा की मुख्य परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। 10 वीं में संस्कृत विषय और 12वीं हिन्दी इलेक्टिव और हिन्दी कोर विषय की परीक्षा है। सीबीएसई सिटी को-आर्डिनेटर जावेद आलम खान के मुताबिक सोमवार को प्रमुख प्रश्न पत्र की परीक्षा है। उन्होंने बताया कि 10वीं की परीक्षा के लिए 20040 एवं 12 वीं की परीक्षा के लिए 20050 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। 10वीं परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होकर 13 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से दो अप्रैल तक चलेंगी। लखनऊ में परीक्षा के लिए 38 केन्द्र बनाए गए हैं। जहां 40 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं।

परीक्षा के तनाव में एंग्जायटी का शिकार हो रहे बच्चे

डॉक्टरों की सलाह, बच्चों पर तुलनात्मक दबाव न डालें अभिभावक

- केजीएमयू के मानसिक रोग विभाग में ऐसे रोगियों की संख्या बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बोर्ड परीक्षा की तैयारी के तनाव में बच्चे एंग्जायटी के शिकार हो रहे हैं। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मानसिक रोग विभाग में इस बीमारी के शिकार बच्चों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों ने अभिभावकों को बच्चों को दूसरे बच्चों के तुलनात्मक दबाव न डालने की सलाह दी है।

परीक्षा की तैयारी में बच्चे चिड़चिड़ेपन का शिकार भी हो रहे हैं। इससे अभिभावक भी परेशान हैं। ऐसे में चिकित्सकों का कहना है कि बच्चे परीक्षा को लेकर पहले ही मानसिक दबाव में हैं। ऐसे में अभिभावक भी जाने अनजाने में अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से करके उन पर और मानसिक दबाव बढ़ा रहे हैं।अभिभावक परीक्षा में अधिक नंबर लाने का दबाव भी बनाते हैं। बच्चों पर पढ़ाई को लेकर दबाव बनाना सही नहीं है। उनसे दोस्ताना व्यवहार करें, तभी वह परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

देर रात तक गैजेट्स से नहीं, किताबों से करें पढ़ाई

केजीएमयू के मनोचिकित्सक प्रो .आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल व अन्य स्क्रीन गैजेट्स आज के दौर में हमारे जिंदगी में महत्वपूर्ण हो गए हैं। इनका इस्तेमाल बच्चे पढ़ाई के दौरान करते हैं। मोबाइल से बच्चों को पूरी तरह से अलग करना भी ठीक नहीं है। ऐसे में माता पिता इस बात का ध्यान रखें की रात आठ बजे से पहले ही बच्चे मोबाइल पर पढ़ाई से संबंधित जानकारी हासिल करें। रात आठ बजे के बाद किताबों से ही पढ़ाई करें, तो ज्यादा बेहतर होगा। पढ़ाई ऐसी जगह करें जहां शोरगुल बिल्कुल न हो।

बच्चों के साथ ऐसा हो अभिभावकों का व्यवहार

- परीक्षा में अच्छे नंबर लाने का न बनाएं दबाव। इससे बच्चे की तैयारी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
- बच्चे को डांटे नहीं। गलती होने पर उन्हें समझाएं, उनसे दोस्ताना व्यवहार रखें।
- अपने बच्चे की तुलना दूसरे बच्चों से न करें।
- बात-बात पर यह न बताएं कि आपने उनके लिए क्या किया है।
- बच्चे को बाहर घुमाने ले जाएं।

शांत माहौल में रहें, पूरी नींद लें, व्यायाम भी जरूरी

वरिष्ठ मनोचिकित्सक व कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थी पूरी नींद लें। इससे उनकी यादाश्त अच्छी होगी और जो उन्होंने पढ़ा होगा, वह याद रहेगा। इसके अलावा शारीरिक व्यायाम यानी फिजिकल एक्सरसाइज भी एकाग्रता को बढ़ाने में कारगर है। एक्सरसाइज पर ध्यान देना भी जरूरी है। डॉ. देवाशीष ने कहा कि परीक्षा की तैयारी के समय शांत माहौल में रहें। माता- पिता इस बात का ध्यान रखें की बच्चों की एकाग्रता भंग न हो इसके लिए उन चीजों से बच्चों को दूर रखें। लगातार पढ़ाई के बीच पांच से दस मिनट तक का ब्रेक जरूर लें।

बच्चों में ये लक्षण हैं तो चिकित्सक से लें सलाह

बहुत कम या ज्यादा सोना, पढ़ाई पर फोकस न कर पाना, लोगों से मिलने से कतराना, चिड़चिड़ापन, गुस्सा करना, निराश रहना, डरना, कहीं खोए रहना, बहुत ज्यादा भूख लगना या बहुत कम खाना, लगातार सिर दर्द होना, पेट खराब होना, जल्दी-जल्दी तबियत खराब होना, दिल की धड़कन बढ़ना, सांस लेने में परेशानी होना।

लविवि के छात्रों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। 26 से 29 फरवरी के बीच होने वाले इस प्लेसमेंट ड्राइव में दो कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि दो कंपनियों के लिए बीटेक (कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन), बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीसीए, एमएससी (कंप्यूटर साइंस) और एमसीए के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन दिये गये हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 26 और 27 फरवरी को अभियांत्रिकी संकाय में किया जाएगा।

बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, बीए, बीएचएम, बीजेएमसी और बी.एससी. (गणित ऑनर्स, सांख्यिकी ऑनर्स, अर्थशास्त्र ऑनर्स, बी.एससी.-कंप्यूटर साइंस को छोड़कर) के छात्र-छात्रा भी आवेदन कर सकते हैं। इनकी प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 28 और 29 फरवरी को होगा। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 22 फरवरी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I informed that I am Shaad Ahsan, resident- Azad Nagar Near Airport Chauraha Post Manas Nagar Kanpur Road Lucknow, my name Shad Ahsan, my father's name Shamsool Afreen and mother's name Nikhat Afreen have been wrongly written in the school records. Whereas my correct name is Shaad Ashan, father's name is Shamshoul Arfin and mother's correct name is Nikhat Afrin. Therefore, all correct names should be recorded in my school records.

सूचना

सूचित हो कि मैं निधि श्रीवास्तव पत्नी राम गोपाल श्रीवास्तव, निवासी- मुनेश्वर पुरम्, नव ज्योति इण्टर कालेज आलमनगर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017, मेरे पुत्र आयुष का रवैया, व्यवहार व चाल- चलन परिवार के प्रति सही नही है, वह आये दिन लड़ाई-झगड़ा व मनमानी करता रहता है। उसके इस व्यवहार से तंग आकर अपने पुत्र आयुष को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम NASIR ALI KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AYOOB ALI R/O: FLAT NO-203, GREEN WOOD APARTMENT, B-21, NEAR HYDEL COLONY SECTOR-E ALIGANJ, LUCKNOW

सरोजनी नगर क्षेत्र में बने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निरीक्षण के दौरान छात्राओं से चर्चा करते केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के सचिव। अमृत विचार

शिक्षा मंत्रालय के सचिव पहुंचे केजीबीवी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सरोजनी नगर ब्लाक में स्थापित विद्यालय का किया निरीक्षण
- कक्षा 9 से 12 तक पढ़ने वाली छात्राओं के नये हॉस्टल को भी देखा, छात्राओं ने सचिव से कहा सर.. सभागार बनवा दीजिए

अमृत विचार: राजधानी के सरोजनी नगर ब्लाक में बने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) का निरीक्षण रविवार को केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार ने किया। यहां कक्षा नौ से 12 तक पढ़ने वाली छात्राओं के लिए बने नये हॉस्टल का भी उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हॉस्टल के बारे में कहा कि अभी तक ऐसा हॉस्टल कहीं नहीं बना। सचिव ने इस दौरान छात्राओं से बातचीत की ओर उनसे विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी ली। वहीं छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी हर एक गतिविधि के बारे में सचिव को बताया। इस विद्यालय की छात्राओं ने अभी तीन दिन तक चले राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा दिखाई उसके बारे में भी सचिव को बताया। सचिव से बात करते हुए छात्राओं ने विद्यालय में एक सभागार बनाये जाने की अपील की। छात्राओं का कहना था कि सर यहां सभागार बन जायेगा तो हम लोग अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सकेंगे। इस दौरान केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के सचिव के साथ अपर परियोजना निदेशक मधुसूदन हुलगी, अपर परियोजना निदेशक वीके पाण्डेय, उप शिक्षा निदेशक समग्र शिक्षा अभियान वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार सिंह, लखनऊ बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई)
सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड-228172
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

आवश्यकता है

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है- प्रवक्ता (बी0एड्0)- 02 पद, शा0 शिक्षा (बी0एड्0)- 01 पद, संगीत (बी0एड्0)- 01 पद, **स्नातक विज्ञान संकाय-** वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित प्रत्येक में एक-एक पद, **स्नातक कला संकाय-** अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, हिन्दी, संस्कृत प्रत्येक में दो-दो पद, **परास्नातक कला संकाय-** हिन्दी, गृहविज्ञान व समाजशास्त्र प्रत्येक में दो-दो पद। योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्ते यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0 राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें।

प्रबन्धक - सीताराम वर्मा, मो0-9415137463, 9415393096

फाइलेरिया दवा का सेवन न करने वालों से मिलने गांव पहुंचे दिल्ली के अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मोहनलालगंज में औचक निरीक्षण कर जानी फाइलेरिया अभियान की प्रगति
- 10 से शुरू हुआ आईडीए राउंड 28 तक चलेगा

अमृत विचार : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान जिन लोगों ने दवा सेवन करने से इंकार कर दिया था, उनसे मिलने के लिए रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव मांझी बिंदौआ गांव पहुंच गये। उन्होंने गांव सदस्यों से बात की और उनकी भ्रांतियों को दूर करने के साथ ही जिज्ञासाओं को खत्म किया।

परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव रविवार को बिंदौआ गांव में आशाओं के साथ उन छूटे हुए घरों में भी गए बीमारी को लेकर जानकारी नहीं थी, आशा द्वारा उन्हें फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जा रही थी। इस अवसर पर इंकार करने वाले 50 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। भ्रमण से पहले उन्होंने मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया अभियान की मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

अधिकारियों से राजीव मांझी ने कहा कि इस बात का प्रचार प्रसार करने की जरूरत है कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने के बाद यदि उल्टी, खुजली, सिर दर्द या जी मिचलाना दवा का सकारात्मक प्रभाव है और पता चलता है कि व्यक्ति में फाइलेरिया के परजीवी थे और फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद परजीवियों के मरने के कारण यह प्रभाव दिखे।

इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार, डब्लूएचओ व संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर), पाथ, पीसीआई के प्रतिनिधि, मलेरिया इंस्पेक्टर आदि मौजूद रहें।

विमोचन के मौके पर मौजूद विशिष्ट अतिथि दिनेश चन्द्र अवस्थी, प्रोफेसर ऊषा वाजपेयी, इंजीनियर सुनील वाजपेयी व अन्य।

शक्ति तीर्थ स्मारिका का हुआ लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : मां दुर्गा उत्थान समिति की ओर से रविवार को शक्ति तीर्थ स्मारिका का लोकार्पण किया गया। योगी नगर, त्रिवेणी नगर स्थित आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित तथा पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ विद्या विन्दु सिंह का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दिनेश चन्द्र अवस्थी, प्रोफेसर ऊषा बाजपेई, इंजीनियर सुनील बाजपेई, रमा सिंह, मंगेश लता लता, प्रोफेसर संगीता शुक्ला तथा डॉ अनुराधा पाण्डेय ' ' अन्वी ' ' ने काव्य पाठ एवं वक्तव्य दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम कृष्ण पाण्डेय ने किया। आयोजन में समिति के अन्य सदस्यों के साथ समिति के संरक्षक शिव शरण दीक्षित, अध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष सरला मिश्रा सहित नगर के अन्य गणमान्य सदस्य शामिल हुए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 1561 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांकः 27/01/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती पचिया देवी पत्नी जयकरन साहू	श्री भानप्रताप पुत्र चतुर्भुज	सिकन्दरपुर-3	05	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ में शिक्षकों के साथ पूर्व छात्र। अमृत विचार

छात्र सम्मेलन में 35 वर्षों बाद मिले पुराने दोस्त

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय विद्यालय आरडीएसओ में 35 वर्षों बाद 1989 बैच के छात्रों के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बहुत से छात्रों ने वर्षों बाद विद्यालय में पहुंचकर अपनी यादें ताजा की। अन्य प्रदेशों में कार्यरत छात्रों ने इस सम्मेलन में उपस्थित होकर शिक्षकों और प्रधानाचार्य से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर विद्यालय के कुछ पूर्व अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

न्याय यात्रा से बदलेगा प्रदेश का राजनीतिक माहौल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राहुल गांधी की न्याय यात्रा से उप्र. में राजनीतिक संदेश देगी कांग्रेस
- तीन बार रूट बदला, अब यात्रा 24 से, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र मुरादाबाद, संभल के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी यात्रा
- कांग्रेस को अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र से यात्रा निकालने का मिला है फीडबैक

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से उत्तर प्रदेश का भी राजनीतिक माहौल बदलने की कोशिशें हैं। बुंदेलखंड के बजाय पश्चिमी उप्र. में न्याय यात्रा ले जाने के राजनीतिक कारण हैं। पार्टी नेताओं को फीडबैक मिला है कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में न्याय यात्रा के जाने से वहां के लोगों की दिलचस्पी पार्टी में बढ़ेगी।

दरअसल, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट तीन बार बदल चुका है। शनिवार को वाराणसी के बाद भदोही होते हुए यह यात्रा प्रयागराज जानी थी, लेकिन राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड निकल गए थे। रविवार को वह सीधे प्रयागराज पहुंचें। ऐसे में वाराणसी से लेकर भदोही तक स्वागत और जनसभा कराने की पार्टी कार्यकर्ताओं की तैयारी धरी रह गई। आगे का रूट भी बदल गया है। पहले जहां यह यात्रा कानपुर से हमीरपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रदेश जानी थी, इसे कानपुर में दो दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। अब 24 से यह यात्रा अल्पसंख्यक बहुल मुरादाबाद, संभल के रास्ते आगरा होते हुए राजस्थान की सीमा में प्रवेश करेगी।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने जिन लोकसभा सीटों को पहली प्राथमिकता में रखा है, उनमें राहुल गांधी की न्याय यात्रा ले जाने से ज्यादा राजनीतिक लाभ मिलने की संभावना है। यही कारण है कि वाराणसी, भदोही के बाद प्रयागराज को जोड़ा गया। यात्रा के दौरान अमेठी और रायबरेली में पर्याप्त समय तय किया गया है। इसी तरह लखनऊ के बाद उन्नाव के रास्ते कानपुर को कवर किया जा रहा है।

पश्चिम उप्र. से कई उम्मीदवार उतारेगी पार्टी

कांग्रेस मुरादाबाद, संभल, अलीगढ़, बुलंदशहर, हाथरस और आगरा से भी अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। यही वजह है कि इन लोकसभा क्षेत्रों से यात्रा को ले जाने की योजना बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मुताबिक, हर क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए यात्रा का कार्यक्रम बदला गया है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

एक नजर

यूपी के औद्योगिक विकास के ब्रांड अंबेस्डर युवा : डॉ. नवनीत सहगल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास के युवा ब्रांड अंबेसडर हैं। यह बात सेवानिवृत्त आईएएस पूर्व अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने आईआईआईटी के छात्रों के साथ संवाद के दौरान कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपना उद्यम शुरू करके लोगों को नौकरी देने का प्रयास करना चाहिये। कहा इस सोच के साथ युवाओं को आगे बढ़ने की जरूरत है कि खुद अत्मनिर्भर बनें और दूसरों को भी रोजगार प्रदान करें। कहा प्रदेश सरकार की निवेशक अनुकूल नीतियों के परिणाम स्वरूप नए उद्यम स्थापित करने की यहां अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को इसबर नाश उखने के लिए आगे आना चाहिए। कहा कि प्रदेश में पिछले वर्ष 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निर्देश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

लखनऊ की लड़कियों ने जीता दिल, वाराणसी चैंपियन

प्रयागराज और अयोध्या को संयुक्त रूप से मिला तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबू स्टेडियम पर खेले गए हैंडबाल प्रतियोगिता के फाइनल में रविवार को लखनऊ की लड़कियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। हालांकि फाइनल मुकाबले में लखनऊ मंडल को वाराणसी के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

वाराणसी मंडल ने प्रदेश स्तरीय खेल समन्वय सब जूनियर बालिका हैंडबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में लखनऊ मंडल को 12-6 गोल से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रयागराज और अयोध्या मंडल की टीमें संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में वाराणसी मंडल की खिलाड़ियों ने लखनऊ मंडल के खिलाफ तालमेल भरा खेल दिखाया और विजेता ट्रॉफी जीत ली। वाराणसी मंडल इस मुकाबले में मध्यांतर तक 9-1 गोल से आगे रही। किसी को उम्मीद नहीं थी कि लखनऊ की टीम गोल के अंतर का कम कर सकेगी।

लखनऊ मंडल की टीम की स्टार खिलाड़ी डॉली ने आज भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने एक के बाद एक 4 गोल दागे। शिवानी ने भी उनका साथ दिया और दो गोल दागे लेकिन दोनों खिलाड़ी टीम को जीत नहीं दिला सके। वाराणसी की ओर से काजल पटेल ने 4, प्रीति पटेल और काजल यादव ने 2-2 गोल किए।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय और विशिष्ट अतिथि संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन दास ने विजेता वाराणसी मंडल को विजेता ट्रॉफी और लखनऊ मंडल को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, संघ के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तैनात अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक मो.तौहीद और लखनऊ जिला हैंडबाल संघ के सचिव डॉ. सुमंत कुमार पाण्डेय मौजूद थे।

रनरअप ट्रॉफी के साथ लखनऊ टीम के खिलाड़ी, साथ में अन्य। अमृत विचार

- लखनऊ टीम की स्टार खिलाड़ी डॉली ने आज भी किया बेहतरीन प्रदर्शन

कर्नल हार्टी ने दिलाया जेएन माथुर को हिल्टन कप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ रेसकोर्स में आयोजित हुई घुड़दौड़ प्रतियोगिता

अमृत विचार : जिन लोगों ने घोड़ों पर दांव लगा रखा था और जिनके घोड़े रेस में उतरने वाले थे, उन सभी के दिल जोरों से धड़क रहे थे। दांव लगाने वालों की चिंता थी कि कहीं उनकी रकम न डूब जाय तो घोड़े के मालिकों को यह बेचैनी थी कि आज कप जीतने का सपना पूरा होगा या नहीं। हालांकि बादलों की आवाजाही के बीच मौसम सुबह से खुशनुमा हो गया था। सभी को घुड़दौड़ शुरू होने का इंतजार था, जिसके लिए सभी रविवार सुबह से लखनऊ रेसकोर्स पहुंच गए। थारोब्रीड की घुड़दौड़ शुरू होने की घोषणा हुई तो दर्शकों के साथ ही घोड़े के मालिक भी ट्रैक के किनारे जाकर खड़े हो गए।

आयोजकों का इशारा मिलते ही स्टार्टिंग प्वाइंट से घुड़दौड़ शुरू हुई। इस दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर दिखा। लोग अपने पसंदीदा घोड़े और जॉकी को आवाज देकर बुलाते रहे। कम ऑन ...और तेज, की आवाजें रेस कोर्स में गूंज रही थी।

इस बार घुड़दौड़ शुरू होते ही फिर से सभी को विजय ज्वाय के जीतने की उम्मीद नजर आने लगी, लेकिन आधा रास्ता पूरा होने के बाद जेएन माथुर के कर्नल हार्टी ने गजब की रफ्तार दिखाई। विजय ज्वाय से जब हार्टी आगे निकला तो फिर उसके बाद अन्य घुड़सवार उसके करीब भी नहीं पहुंच सके। वहीं अमर हबीबुल्ला और मोहित भार्गव के विजय ज्वाय को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

इंडियन ब्रीड घुड़दौड़ में मो. अब्दुल्ला के बुराक को प्रथम, विकास पाण्डेय के ओजस को द्वितीय और सिकंदर सिद्दीकी के नाइट क्वीन को तीसरा स्थान मिला। घुड़दौड़ के बाद घोड़े के मालिकों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरान करीब 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी जायेगी।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) को लेकर तैयारियों पूरी हो चुकी हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भी चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। जिससे किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटा जा सके। इसके लिए सिविल और बलरामपुर अस्पताल के साथ ही लोहिया संस्थान मे सोमवार को ऑपरेशन नहीं होंगे। यहां की ओटी को आरक्षित किया गया हैं। सिर्फ एमरजेंसी ऑपरेशन ही संभव होंगे। साथ ही बेड भी आरक्षित किए गए हैं। साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम व पैरामेडिकल स्टॉफ को भी अलर्ट किया गया है।

ट्रॉमा में 20 बेड आरक्षित

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित ट्रॉमा सेंटर में एक सेफ हाउस बनाया गया है। ट्रॉमा प्रभारी डॉ.संदीप तिवारी ने बताया है कि 20 बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। वहीं मौजूदा टीमों को दो गुना कर दिया गया है। वहीं डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान की तरफ डॉक्टरों की एक टीम बनाई गई है। इसके अलावा अन्य विभागों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसजीपीजीआई स्थित एपेक्स ट्रॉमा सेंटर स्थित विभागों के इंचार्ज, नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। लोकबंधु अस्पताल में भी एक सेफ हाउस बनाया गया है। जहां पर एक डॉक्टर, फार्मासिस्ट और नर्सिंग स्टाफ राउंड तैनात रहेंगे। वहीं तीन डॉक्टरों की एक टीम भी बनाई गई है। साथ ही एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को भी रखा गया है।

कार्यशाला में दी गई क्षत्रप कालीन ब्रह्मी लिपि के विकास की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में संग्रहालय के सभागार में चल रही नौ दिवसीय पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला के चौथे दिन रविवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के सेवानिवृत्त निदेशक (पुरालेख) डॉ. टीएस रविशंकर ने क्षत्रप कालीन ब्रह्मी लिपि के विकास के बारे में जानकारी दी। डॉ. रविशंकर ने पांडुलिपियों और अभिलेखों को छायाचित्रों के माध्यम से दिखाते हुए कार्यशाला के प्रतिभागियों को ब्राह्मी लिपि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ब्रह्मी लिपि के लेखों का देवनागरी में रूपांतरण भी कराया। इस कार्यक्रम में जेबी सिंह, डॉ. आनंद कुमार दीक्षित, डॉ. दीनानाथ राय, अरिंदम चतुर्वेदी, विक्रम सिंह चन्देल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी और प्रियांश उपाध्याय आदि प्रतिभागी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी, राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका समेत अन्य की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

मिथिलेश और सुमित के खेल से साई लखनऊ बना चैंपियन

कार्यालय सवांददाता, लखनऊ

- प्रथम पंडित राम औतार मिश्रा स्मारक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता
- फाइनल में साई लखनऊ ने स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को 4-2 से हराया

अमृत विचार : साई लखनऊ के दमदार खिलाड़ी मिथलेश राजभर और सुमित कुमार ने मैदानी गोल कर जहां टीम की जीत की नींव रखी तो पेनल्टी कार्नर के मिले मौके को गोल में बदल आशु और शाहबाज ने उस पर अंतिम मुहर लगा दी। प्रथम पं. राम औतार मिश्रा स्मारक हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। इस मुकाबले में साई लखनऊ ने स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को 4-2 से हरा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। विजेताओं को प्रमुख सचिव खेल अनिल कुमार पुरस्कृत किया।

गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो.शाहिद सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। दोनों टीमों ने शुरुआत से एक-दूसरे पर आक्रमण शुरू हुए, लेकिन पहले क्वार्टर में किसी भी टीम को गोल दागने में सफलता नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर में 26वें मिनट में साई लखनऊ के मिथिलेश राजभर ने स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ के खिलाड़ियों को चकमा देकर बेहतरीन मैदानी गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इस बढ़त से विजेता टीम का आत्मविश्ववास दोगुना हो गया। इसका फायदा तीसरे क्वार्टर में मिला।

32वें मिनट में साई लखनऊ के सुमित कुमार ने स्पोर्ट्स हॉस्टल की रक्षा पंक्ति में सेंध लगाने में कामयाबी हासिल की और शानदार मैदानी गोल किया। इसके साथ ही साई लखनऊ की बढ़त 2-0 हो गई। 37वें और 44वें मिनट में साई लखनऊ को पेनाल्टी कार्नर का मौका मिला, जिसे क्रमशः आशु मौर्या और शाहबाज खान ने गोल में बदल कर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया। अंतिम क्ववार्टर में स्पोर्ट्स हॉस्टल के दो पेनाल्टी कार्नर के मिले जिसे 50वें मिनट में फहद खान ने 57वें मिनट में कप्तान सिद्धांत सिंह ने गोल में बदला। इस प्रदर्शन से गोल का अंतर तो कम हो गया लेकिन स्पोर्ट्स हॉस्टल को हार का सामना करना पड़ा। हॉकी विशेषज्ञों के अनुसार स्पोर्ट्स हॉस्टल के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान कई शानदार मूव बनाए और साई लखनऊ के डी में भी पहुंचे, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सके।

ट्रॉफी के साथ चैंपियन साई लखनऊ की टीम, साथ में अन्य। अमृत विचार

विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों ने प्रस्तुत किये 15 शोधपत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जैन साहित्य के अवदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अमृत विचार : जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी के 2550वें मोक्षकल्याणक वर्ष के तहत बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विद्यापीठ सभागार में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी के दूसरे दिन बीबीएयू, लखनऊ, बाराबंकी और प्रयागराज विश्वविद्यालय के शोध छात्रों ने 15 शोध पत्र प्रस्तुत किये।

जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से यहां भारतीय ज्ञान परम्परा में जैन साहित्य के अवदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

संगोष्ठी के प्रथम सत्र में इटारसी से आये अभिषेक जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि जैन धर्म संस्कृति में महावीर स्वामी के निर्वाण के 66 साल बाद प्राकृत भाषा में प्राप्त होता रहा। ईसा से 200 साल पहले षट्खंडागम ग्रन्थ लिखा गया। शोध छात्र अब प्राकृत और संस्कृत भाषा पढ़कर शोध कर रहे हैं।

भोपाल से आये डॉ. मुकेश मिश्रा ने कहा कि धर्म संस्कृति का सच्चा शोध तभी संभव है जब शोधार्थी सभी धर्मों के प्राचीन ग्रंथों का खुद अवलोकन करेंगे। डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, प्रो. अनिल विश्वकर्मा, डॉ. कृष्णा जी श्रीवास्तव, डॉ. ममता तिवारी, गौतम चन्द्र जैन, डॉ. अखिलेश वर्मा, डॉ. नमिता जैसल और प्रो. पवन अग्रवाल ने भी संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किये।

उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि गोष्ठी में आये विद्वानों से मिले विचारों को ध्यान में रखते हुए संस्थान शोधार्थियों के लिए पुस्तकों की व्यवस्था करेगा और उनके लिए कार्यशाला का आयोजन करेगा। संगोष्ठी के समापन से पहले संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए।

संगोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।

कर्बला दियानतुद्दौला में जश्न-ए-इमाम हुसैन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जश्न का आयोजन हुसैनी वर्कर्स सोसाइटी ने किया

अमृत विचार : पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कर्बला दियानतुद्दौला में जश्न-ए-इमाम हुसैन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने कहा था कि मेरा हुसैन हिदायत का चिराग है। जश्न का आयोजन हुसैनी वर्कर्स सोसाइटी ने किया। मौलाना कल्बे सिब्तैन ने कहा कि अवध के नवाबों ने अहलेबैत के नाम पर बेशकीमती संपत्तियां वक्फ कीं। कौम को इन संपत्तियों की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीनों पर कोचिंग, स्कूल, अस्पताल और पुस्तकालय खोले जाने चाहिए, इससे लोगों को फायदा होगा। जश्न-ए-इमाम हुसैन में अली अब्बास जैदपुरी, नायाब बलयावी, दानिश गदीरी, मंजर एलिया, अली शब्बर नौगानवी, इरम बनारसी, जाकिर अली ईरानी, जफर नसीराबादी और कामरान आबिस आदि शायरों ने अपने कलाम के जरिये हजरत इमाम हुसैन को नजराना-ए-अकीदत पेश की। संचालन जाहिद कानपुरी ने किया।

सार-संक्षेप

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

सम्मान पाकर भावुक हुए दादा-दादी और नाना-नानी

अमृत विचार, लखनऊ : बच्चों के दाद-दादी और नाना-नानी के बीच आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में जोर आजमाइस देख हर किसी ने सराहना कर बुजुर्गों का उत्साहवर्धन किया। मौका था विकासनगर स्थित सेंट्रल एकेडमी में रविवार को आयोजित हुए वार्षिक समारोह "रंगोत्सव" का। जिसमें मुख्य रूप से दादा- दादी सम्मान समारोह आयोजित कराया गया। बुजुर्गों के बीच आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भी उनका भरपूर साथ देकर हौसला बढ़ाया। ऐसे में कई बुजुर्ग भावुक हो गए। उनकी बचपन की यादें ताजा हो गईं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद एंटी नारकोटिक्स के एसपी लाल भरत कुमार पाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी आते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या शैलजा चिकारा, रूपेश मिश्रा सहित सेंट्रल एकेडमी लखनऊ मण्डल के सभी प्रधानाचार्य व शिक्षक मौजूद रहे।

डॉ. ममता जोशी की गायकी ने जीत लिया श्रोताओं का दिल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी ने रविवार को संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में गीत, गजल और कव्वालियों की शानदार महफ़िल सजाई। चंडीगढ़ से आईं गायिका डॉ. ममता जोशी ने अपनी गायकी से श्रोताओं का दिल जीत लिया। लोगों की मांग पर उन्होंने दशकों पुरानी कव्वालियों और गजलों को भी शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सचिव आदिल हसन ने कहा कि कहा कि अकादमी लगातार प्रदेश सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम कर रही है।

सकारात्मक बदलाव के लिए काम करें लायंस के सदस्य

अमृत विचार, लखनऊ : लायंस क्लब फतेहपुर का चार्टर समारोह रविवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित किया गया। पूर्व अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने इस मौके पर क्लब के सदस्यों को समाज की भलाई के लिए प्रेरित किया। लायंस क्लब फतेहपुर के चार्टर अध्यक्ष विनायक नाथ, चार्टर सचिव स्वाति नाथ, अभिनव सिंह, किरण सिंह, ज्ञान गुप्ता, इंजीनियर डीपी सिंह, मृत्युंजय गुप्ता आदि को सम्मानित करते हुए नवनीत सहगल ने लायंस क्लब फतेहपुर से कहा कि समाज में सकारात्मक कार्यों के लिए वह हमेशा तैयार रहें। सहगल ने कहा कि सामूहिक कार्य करने से सामाजिक जरूरतें पूरी की जा सकती हैं और इससे सकारात्मक परिवर्तन भी आता है। लायंस क्लब फतेहपुर के अध्यक्ष विनायक नाथ ने क्लब के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए सदस्यों से कहा कि वह समर्पण की भावना के साथ काम करें। समाज की भलाई और दूसरों के जीवन में बदलाव लाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर लायंस के सभी सदस्यों ने सेवा की शपथ ली।

समरसता भोज और विभूतियों का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम के टिकैत राय तालाब स्थित राम जानकी मंदिर में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवालय सेवा संस्थान ने समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न विभूतियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में नागेन्द्र सिंह, अनूप कमल, अजय दीक्षित, गिरीश गुप्ता (सभी पार्षद), पूर्व पार्षद साधना वर्मा, ओबीसी मोर्चा के नगर अध्यक्ष गणेश वर्मा उर्फ़ गज्जू भईया, मंडल अध्यक्ष राजन मिश्रा, विमल मौर्या, दीपक साहू, मंडल अध्यक्ष शिवानी निगम, पुष्पा सिंह, रामनाथ मिश्रा, अभिषेक गुप्ता और अभय उपाध्याय का नाम शामिल है। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष आरती शुक्ला के अलावा संतोष श्रीवास्तव, संतोष कौशल, सुबोध शुक्ला, आनंद प्रकाश, रवि कुमार, रवि बाजपेयी, आरसी वर्मा, रजत दीक्षित समेत अन्य की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

समानता का अधिकार मांगने प्राइड वॉक पर निकले ट्रांसजेंडर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्सव के जरिये समाज से की गई समानता की भावना की मांग

अमृत विचार : समलैंगिक और ट्रांसजेंडर अपनी उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हुए रविवार को सड़कों पर नाचते-गाते, जश्न मनाते हुए निकले। हर साल 18 फरवरी को होने वाला यह 8वां अवध क्वीर प्राइड वाक था।

सजे-धजे ट्रांसजेंडर उत्सव मनाते हुए सड़कों से गुजरे तो जो जहां था, वहीं ठहर गया। पहली बार लखनऊ की सड़कों पर वर्ष 2017 में प्राइड वाक निकाला गया था। तब से हर साल 18 फरवरी को यह वाक निकाला जा रहा है।

विपरीत परिस्थियों में जीने वाले ट्रांसजेंडर एक दूसरे से हैप्पी प्राइड कहकर अभिवादन करने वाले सड़कों पर प्राइड वाक निकालकर समाज से समानता का अधिकार मांगने निकलते हैं।

रविवार को दोपहर 2 बजे राणा प्रताप मार्ग स्थित एक होटल के सामने से रंग बिरंगे झंडे लिए हुए चमकीले परिधान पहने ट्रांसजेंडर संगीत पर नाचते हुए 1090 चौराहे तक गए। 1090 चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में बिना किसी भेदभाव के सभी को आमंत्रित किया गया था। ट्रांसजेंडर का कहना है कि हम बगैर किसी में भेद किये सभी को अपने आयोजन में आमंत्रित कर रहे हैं। लोग आयें, हमें सुनें, हमारी प्रतिभा को देखें और हमें समझें।

प्रताप मार्ग स्थित एक होटल के सामने आकर्षक वेशभूषा में जश्न मनाते हुए निकलते समलैंगिक व ट्रांसजेंडर। अमृत विचार

तकनीक

रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक मुकुल सरन माथुर ने किया चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

जल्द मिलेगी रेलवे के टिकट काउंटर पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रेलवे के टिकट काउंटर पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा जल्द शुरू होगी। इसके लिए रविवार को रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (वाणिज्य) मुकुल सरन ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र पहुंचकर कार्य प्रणाली की जानकारी ली।

साथ ही टिकट वितरण प्रणाली कार्य पर तैनात कर्मचारियों और आरक्षण करवाने आए यात्रियों से बातचीत की। इस दौरान क्यूआर कोड, यूपीआई व ऑनलाइन पेमेंट के जरिए टिकट मूल्य का भुगतान करने की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने मंडल के अधिकारियों के साथ स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की उपलब्धता, यात्री प्रबंधन की नीतियों और व्यवस्थाओं को भी परखा। निरीक्षण के बीच सर्कुलेटिंग एरिया, पूछताछ ऑफिस, पार्सल बुकिंग कार्यालय, क्लॉक रूम, बुकिंग हॉल, फूडप्लाजा में खानपान के सामान की गुणवत्ता देखी। यूटीएस ऑन मोबाइल सुविधा की जानकारी अधिक से अधिक यात्रियों को प्रदान करने के लिए पर्यवेक्षकों को प्रोत्साहित किया।

स्टेशन पर उपस्थित पर्यवेक्षकों के साथ उन्होंने बातचीत की और उनके कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने यात्री सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए कर्मचारियों से अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करने को कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा, फ्रेट राहुल और मंडल के अधिकारी मौजूद रहे।

स्टेशन पर मशीनों को देखते रेलवे बोर्ड के प्रधान कार्यकारी निदेशक (वाणिज्य) मुकुल सरन, साथ में अन्य। अमृत विचार

वार्षिक समारोह में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : सरस्वतीपुरम रेजीडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में बच्चों की विभिन्न कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने इस मौके पर पिछले वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। महासचिव अजय यादव ने बताया कि कालोनी को लखनऊ की स्वच्छतम कालोनी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही यहां बच्चों और नवयुवकों के सर्वांगीण विकास के लिए भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जन विकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, लखनऊ के अध्यक्ष एसके बाजपेयी, बीजेपी नेता राकेश पाण्डेय, सौरभ तिवारी उर अमित सक्सेना आदि अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। एसोसिएशन ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों और अतिथियों का सम्मान किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणा: पुंसा न हातव्या: कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति: ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है, जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्युएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

वस्तुत: सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

प्रसंगवश

मुझे कैसा डर

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा:' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थे:'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

सोशल फोरम

पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

-फेसबुक वॉल से

पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे। मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

देश का एक्सरे है जाति जनगणना : राहुल

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा कि जाति जनगणना आपका (युवाओं) का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

प्रयागराज में रोड शो करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

भीड़ से एक छात्र को अपनी जीप पर बुलाकर राहुल गांधी ने उससे पूछा कि आप कौन-से वर्ग से हैं। छात्र ने जवाब दिया कि वह ओबीसी वर्ग से है। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि देश में ओबीसी वर्ग 50 प्रतिशत है, दलित वर्ग 15 प्रतिशत है और आदिवासी वर्ग आठ प्रतिशत है। कहा कि इस देश में आप जैसे युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। आपकी (ओबीसी, दलित, आदिवासी) आबादी 73 प्रतिशत है, लेकिन हिंदुस्तान में शीर्ष 200 कंपनियों में से एक कंपनी का भी मालिक ओबीसी, दलित नहीं है। देश के सबसे बड़े 90 आईएएस अधिकारियों की सूची में महज तीन लोग आपके वर्ग से हैं। मीडिया में आपका एक भी आदमी नहीं है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक भी व्यक्ति ओबीसी, आदिवासी वर्ग से नहीं था, वहां केवल अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्य राय, नरेन्द्र मोदी थे। जनसभा के दौरान कई छात्र आरओ परीक्षा के पेपर लीक की तख्ती लिए खड़े थे। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक करना आपको आगे बढ़ने से रोकने का तरीका है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बताया कि राहुल गांधी प्रयागराज हवाईअड्डे से सीधे स्वराज भवन पहुंचे जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली।

दलित पिछड़ों को नहीं मिलता आसानी से कर्ज

उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग (भाजपा) कभी किसानों का कर्ज माफ नहीं करते। उन्होंने 10-15 उद्योगपतियों का 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। अंबानी, अडानी लाखों करोड़ रुपये का बैंक कर्ज मांगते हैं और सेकेंडों में उनको कर्ज मिल जाता है, लेकिन दलित, पिछड़ों को बैंकों से मारकर भगा दिया जाता है।

राहुल की न्याय यात्रा में अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राहुल की न्याय यात्रा में फिलहाल अखिलेश यादव के शामिल होने पर संशय है। सपा की तरफ से कहा गया है कि पहले सीट बंटवारे पर स्पष्ट फैसला होना चाहिए। राहुल गांधी की यात्रा से अमेठी के सपा कार्यकर्ताओ को भी कार्यक्रम से दूरी बनाने के लिए कहा गया।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी और मंगलवार को रायबरेली आ रही है। पूर्व में सपा की तरफ से कहा गया था कि अखिलेश यादव राहुल की यात्रा में अमेठी या रायबरेली में शामिल होंगे। लेकिन यात्रा में शामिल होने का अखिलेश का कार्यक्रम अभी नहीं बना है। रायबरेली और अमेठी के पार्टी के जिलाध्यक्षों को अभी तैयारी के लिए नहीं कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस से सीटो पर बंटवारा तय हो जाने के बाद ही अखिलेश का यात्रा में शामिल होने के कार्यक्रम बनेगा। सपा नेताओं का कहना है कि कल दोपहर तक सीट का बंटवारा होने की उम्मीद है। सपा उप्र में कांग्रेस को 15 से 16 सीट देने को तैयार है लेकिन कांग्रेस 21-22 सीट मांग रही है। विवाद सीटों की संख्या के साथ-साथ कुछ मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर है, जिस पर कांग्रेस और सपा दोनों लड़ना चाहते हैं। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को नई पार्टी बनाने की घोषणा कर सकते हैं।

सपा प्रमुख ने भर्ती प्रक्रिया पर उठाए सवाल

लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से कहा है कि उप्र. में पारदर्शी और ईमानदार पुलिस भर्ती के लिए सपा के समय हुई मेरिट पर आधारित भर्ती का तरीका अपनाकर भर्ती करनी चाहिए। रविवार को उन्होंने कहा कि इससे भाजपा सरकार को पीछे के रास्ते से पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की हकमारी का भी मौका नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह भाजपा राज में परीक्षाओं का पर्चा लीक होता है या रिजल्ट नहीं आते हैं और साक्षात्कारों में भेदभाव होता है, उस हिसाब से भाजपा काल में सही भर्ती मुमकिन हो ही नहीं सकती।

एक नजर

उत्तराखंड में चार दिन बारिश और बर्फबारी का अनुमान

देहरादून। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिनों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है जबकि सोमवार और मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिम स्खलन के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह के अनुसार 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में बर्फबारी और हिमस्खलन को लेकर खास अलर्ट है। राजधानी देहरादून और टिहरी के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, कल (20 फरवरी) 2500 मीटर वाले स्थानों बर्फबारी होने के आसार हैं। मैदान में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट है। 19 से 21 फरवरी तक देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और हरिद्वार में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

तमिलनाडु के बुजुर्ग श्रद्धालु की हुई मौत

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला का दर्शन-पूजन करने आये एक तमिलनाडु प्रान्त निवासी बुजुर्ग श्रद्धालु की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई, जबकि हादसे का शिकार एक महिला श्रद्धालु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि तमिलनाडु प्रांत निवासी 70 वर्षीय रामासुरूपमनि अपने प्रांत के अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आया था। शनिवार को सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। उधर देर शाम अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में ग्रीन फील्ड आवास योजना स्थित टेंट सिटी के पास एक महिला श्रद्धालु उधर से गुजर रही रोडवेज बस की चपेट में आकर घायल हो गई।

जानबूझकर यूसीसी का मुद्दा उछाल रही भाजपा : डिंपल

एजेंसी, मैनपुरी

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार वोट बांटने और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यूसीसी का मुद्दा उछाल रही है।

अपने संसदीय क्षेत्र मैनपुरी में एक कार्यक्रम में शामिल होने आयी डिंपल ने संवाददाताओं द्वारा यूसीसी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि संविधान में कहा गया है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। मेरा मानना है कि मौजूदा सरकार वोट बांटने के लिए ऐसी स्थितियां बना रही है। डिंपल ने सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी जायज मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर रबर की गोलियों और पैलेट का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि हमारे किसान कैसे विरोध कर रहे हैं और उन पर कैसे हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सपा सांसद ने कहा कि सरकार किसानों पर सोनिक थ्रस्टर्स का इस्तेमाल करने की भी योजना बना रही है।

▸▸ रणनीति के तहत असल मुद्दों से ध्यान हटा रही भाजपा

बसपा के लिए गठबंधन के दरवाजे खुले : कांग्रेस

एजेंसी, नयी दिल्ली/प्रयागराज

▸▸ उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे को लेकर जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा : पांडेय

कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दरवाजे खुले हैं और अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) खुले दिल से चाहता है कि बसपा भी इस गठबंधन का हिस्सा बने, लेकिन मायावती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पांडे ने एक साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस पूरे दिल से समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनावों के लिए राज्य में सीट-बंटवारे पर जल्द ही गतिरोध को दूर कर समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन उत्तर प्रदेश में उन छोटे दलों के साथ भी बातचीत कर रहा है, जो लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महीने के अंत तक सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। पांडे ने कहा कि उनमें (छोटे दलों) से कुछ बिना शर्त शामिल हो रहे हैं और कुछ दलों को कुछ अधिक उम्मीदें हैं, इसलिए (उत्तर प्रदेश में सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने में) थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन इस महीने के अंत तक सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा के साथ सीट बंटवारे के बारे में पांडे ने कहा कि काफी हद तक सकारात्मक बातचीत जारी है।

कार्बेट पार्क बंद करने की दी धमकी

नैनीताल : उत्तराखंड के कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में बाघ के आंतक से परेशान ग्रामीणों ने सरकार और कार्बेट पार्क प्रशासन को तीन दिन की मोहलत देते हुए कहा कि आदमखोर बाघ को पकड़े अन्यथा ग्रामीण कार्बेट पार्क में पर्यटन गतिविधियों को ठप करने के लिये बाध्य होंगे।

शेरवानी ने लगाया पीडीए की उपेक्षा का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने से पहले सलीम इकबाल शेरवानी ने अपने करीबियों और समर्थकों के साथ दिल्ली स्थित इस्लामी कल्चर सेंटर में बैठक की थी। वह उप्र. में किसी भी मुस्लिम को सपा की तरफ से राज्यसभा का उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को लेकर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से नाराज चल रहे थे।

सपा प्रमुख को संबोधित पत्र में रविवार को सलीम शेरवानी ने अखिलेश पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप लगातार पीडीए का नाम लेते रहते हैं, लेकिन राज्यसभा की उम्मीवारों के नाम देखकर लगता नहीं कि आप पीडीए को बहुत महत्व देते हैं। सलीम शेरवानी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एक मजबूत विपक्षी गठबंधन को लेकर कोई भी गंभीर नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे विपक्षी गठबंधन में शामिल दल सत्ता पक्ष से लड़ने की बजाय आपस में लड़ रहे हैं।

मालूम हो कि, सलीम शेरवानी चार बार सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। एक बार कांग्रेस के टिकट पर वह संसद पहुंचे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले वह सपा छोड़कर कांग्रेस चले गए थे। इसके बाद उनकी घर वापसी हो गई थी।

▸▸ गठबंधन में शामिल दल सत्ता पक्ष के बजाय आपस में लड़ने में हैं व्यस्त

छठे वांटेड का घर कुर्क, रजाई और गद्दे तक उठा ले गई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच रविवार को पुलिस फरार छठे दंगाई एजाज के घर पहुंची। करीब 3 घंटे में पुलिस ने एजाज के घर का तिनका तिनका उठा लिया। खिड़की दरवाजे उखाड़े और बिचौना तक पुलिस उठा ले गई। मामले में एजाज के दो भाई भी फरार हैं।

बता दें की बनभूलपुरा दंगे के मामले में न्यायलय ने नौ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने सबसे पहले दंगे के मास्टर माइंड बताए जा रहे लाइन नंबर आठ निवासी अब्दुल मलिक की कोठी में कुर्की की करवाई की थी। जिसके बाद चार और लोगों के घर कुर्क किए गए। इधर रविवार दोपहर करीब एसओ कालाढूंगी नंनद रावत, एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा, एसओ खनस्यूं भुवन राणा और मालधन चौकी इंचार्ज आसिफ खान फोर्स के साथ फरार चल रहे वांटेड एजाज के घर पहुंचे। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पुलिस दो कमरों के मकान में रखा हर सामान जब्त कर लिया। इसमें बेड, सोफा, फ्रिज, टीवी, अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम, बर्तन, क्रॉकरी व अन्य तरह का हर वह सामान जिसकी बिक्री या नीलामी हो सकती है, सब जब्त कर लिया। यहां तक कि घर के दरवाजे, खिड़की और बिस्तर भी उठा ले गए।

कुर्की की कार्रवाई खत्म होने से पहले वहां एजाज की मां और भाई सलीम पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई के बाद सामान को ट्रक में लोड करके मलिक के बगीचा स्थित देखरेख चौकी परिसर में भेज दिया है। मामले में शकील अंसारी, मोकिन सैफी और जियाउल रहमान की संपत्ति कुर्क नहीं की गई है और इसकी वजह यह हा की इनकी गिरफ्तारी हो चुकी थी। वहीं अभी तक अब्दुल मलिक, अब्दुल मोईद, वसीम उर्फ हप्पा, रईस उर्फ दत्तू और तस्लीम के घरों पर कुर्की कर चुकी है।

आरोपी के घर के अंदर जांच करती टीम।

> जब्त हुई संपत्ति की सूची तैयार की जा रही है। पूरी रिपोर्ट तैयार होने के बाद कोर्ट में पेश की जाएगी। **-प्रह्लाद नारायण मीणा,** एसएसपी नैनीताल

पिघलते ग्लेशियर इंसान के अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बढ़ते मानवीय दबाव का सीधा असर अब हिमालयी रीजन के ग्लेशियरों पर दिख रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण जो नकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं, भविष्य में इंसान के अस्तित्व पर भी संकट पैदा कर सकते हैं। पर्यावरण के प्रति अगर अभी भी इंसान संवेदनशील नहीं हुआ तो इसके परिणाम घातक साबित होंगे।

अल्मोड़ा के कुमाऊं विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परिसर में क्लाइमेट चेंज एंड सस्टेनेबिलिटी ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज इन हिमालयन रीजन विषय पर विशेषज्ञों के बीच हुए मंथन के बाद यह चिंताजनक बात सामने आई है। गोविंद बल्लभ हिमालयी पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल की मानें तो हिमालयी रीजन में वर्ष 2010 तक करीब 20 अरब टन बर्फ हिमालयी ग्लेशियरों से पिघली लेकिन वर्तमान तक इन ग्लेशियरों से करीब 440 अरब टन बर्फ पिघल चुकी है। मानवीय दबाव और चूक के कारण गर्मी लगातार बढ़ रही है जिससे ग्लेशियर अपने मूल स्वरूप को खोते जा रहे हैं। मौसम के चक्र में आ रहा बदलाव आने वाले भविष्य में पैदा होने वाले खतरे की घंटी दे रहा है इसलिए हिमालय को बचाने के लिए एक्शन ओरिएंटेड काम करने की जरूरत है।

- **बढ़ता रहा दबाव तो हालात पर काबू पाना होगा मुश्किल**
- **पर्यावरण में परिवर्तन से दिखाई दे रहे नकारात्मक प्रभाव**

एचएफआरआई शिमला के पूर्व निदेशक डॉ. एसएस सामंत मानते हैं कि हिमालयी इको सिस्टम को बनाए रखने के लिए इंसान को संवेदनशील होना पड़ेगा। हॉर्टिकल्चर, फ्लोरा, फौना आदि मिलकर इकोसिस्टम को बनाते हैं। आज पर्यावरण में निरंतर गिरावट के कारण इको सिस्टम प्रभावित हुआ है इसलिए जैव विविधता के साथ हिमालय को बचाने की दिशा में प्रयास होने आवश्यक हैं। पूर्व कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट भी मानव द्वारा किए जा रहे प्राकृतिक संसाधनों के निरंतर दोहन को ठीक नहीं ठहरा रहे हैं। एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट भी पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन और गिरावट पर चिंतित दिखाई दिए। उनका मानना है कि मानवीय हस्तक्षेप के फलस्वरूप कई समस्याएं एवं चुनौतियां हमारे सामने आई हैं जिसमें पर्यावरण का क्षरण होना बेहद चिंतनशील विषय है। क्लाइमेट चेंज होने के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, पर्यावरण चक्र अस्थिर हुआ है और जीवन चक्र में परिवर्तन हो रहा है लेकिन यह परिवर्तन भविष्य में आने वाले खतरों की ओर ही इशारा कर रहा है।

वर्ग पहेली-347

बाएं से दाएं

1.1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4.1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5.1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6.1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।

ऊपर से नीचे

1.1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2.1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3.1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5.1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।



वर्ग पहेली - 346 का हल

		1 न			2 क
3 अ	ल	गा	गु	जा	री
		धि			ल
4 ज	ठ	रा	म	य	
ग		ज			
झं			5 का	रं	ड
6 प	र	बा	बा		

सुडोकू -64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			2			7		4
4				7			5	
			1		3			8
		5		3			8	
	4					2		
	3			9		1		
3			9		4			
	2	4		6				9
6					7			

सुडोकू - 63 का हल

4	1	3	7	6	8	9	5	2
9	7	2	4	3	5	1	8	6
5	6	8	9	2	1	3	4	7
1	2	6	8	7	4	5	9	3
7	4	9	5	1	3	6	2	8
8	3	5	2	9	6	7	1	4
6	9	7	1	4	2	8	3	5
2	8	1	3	5	7	4	6	9
3	5	4	6	8	9	2	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .49 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10 .33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

वृष — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

मिथुन — आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

कर्क — आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

सिंह — आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कन्या — आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

तुला — आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।

धनु — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

मकर — आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

मीन — आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 10 .00
जख्मी सिपाही — रात : 07 .00

SONY SMAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 09 .00
पटेल की पंजाबी शादी — रात : 09 .00

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 09 .40
व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06 .37

ZEE CINEMA
दीवाना मस्ताना — सुबह : 10 .30
दिल धड़कने दो — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
चलते चलते — सुबह : 12 .29
भागम भाग — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के अधिवेशन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के तहत 'इंडी गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपाः देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी पार्टियों की भरमार है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

उन्होंने सोनिया गांधी, शरद पवार, लालू प्रसाद और एम.के. स्टालिन एवं अन्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं जबकि 'इंडिया' गठबंधन के नेता अपने बच्चों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाने के बारे में सोचते हैं। बैठक में मोदी-मोदी के नारे के बीच उन्होंने कहा कि मोदी के खिलाफ परिवारवादी पार्टियों के सभी 'राजकुमार' एक साथ आ गए हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि केवल शक्तिशाली परिवार से ही कोई व्यक्ति इस शीर्ष पद पर आसीन हो सकता है।

राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की स्थापना का संकेत

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है। प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है-अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। कहा गया-श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है।

भाजपा राजनीतिक चकला चला रही है : संजय राउत

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र में राजनीतिक चकला (वेश्यालय) चला रही है और राज्य की संस्कृति को प्रदूषित करने के लिए वही एकमात्र जिम्मेदार है। उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' में अपने स्तंभ 'रोकठोक' में राज्यसभा सदस्य ने कहा कि भाजपा को 200 से ज्यादा लोकसभा सीट जीतने का भरोसा नहीं है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण जैसे नेताओं को शामिल करने का हवाला दिया। राउत ने आरोप लगाते हुए कहा महाराष्ट्र राज्य की छवि बदलने के लिए भाजपा पूरी तरह से जिम्मेदार है।

चंडीगढ़ के महापौर मनोज सोनकर ने पद से दिया इस्तीफा

चंडीगढ़, एजेंसी

- चुनाव विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट आज करेगी सुनवाई
- भाजपा नेता कहा-आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल

महापौर पद के लिए हालिया चुनावों में धांधली के आरोपों के बीच चंडीगढ़ के मेयर मनोज सोनकर ने रविवार को इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय में मामले की सुनवाई से एक दिन पहले सोनकर ने इस्तीफा दिया है। बता दें कि चुनाव विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगी।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के नेता अरुण सूद ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा ने 30 जनवरी को महापौर पद के लिए हुए चुनाव में जीत हासिल की थी जिससे आप और कांग्रेस के गठबंधन को झटका लगा था तथा उसने निर्वाचन अधिकारी पर मतपत्रों में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। इस महीने की शुरुआत में, शीर्ष अदालत ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ की थी और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा था कि अधिकारी का कृत्य लोकतंत्र की "हत्या करने और मजाक" है। अदालत ने मतपत्रों और मतदान की कार्यवाही के वीडियो को सुरक्षित करने का भी आदेश दिया था तथा 19 फरवरी को मामले की अगली सुनवाई पर निर्वाचन अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था।

शरद पवार की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली शरद पवार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ शरद पवार की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सोलह फरवरी को, शीर्ष अदालत ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई थी। बता दें कि निर्वाचन आयोग ने छह फरवरी को घोषणा की थी कि अजित पवार गुट ही असली राकांपा है। निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया था। जिसके बाद से शरद पवार का गुट आयोग के फैसले के खिलाफ है।

एक नजर

5.5 लाख की मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। नवी मुंबई में एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5 .50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया-हमने आरोपी के पास से 5 .50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

कश्मीर, लद्दाख में तैनात होंगी 700 कंपनियां

जम्मू। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सुरक्षा बलों की लगभग 700 कंपनियां तैनात की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल (920 कंपनियां) के बाद अर्धसैनिक बलों की सबसे ज्यादा कंपनियां जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में तैनात की जाएंगी। उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की 635 कंपनियां तैनात की जाएंगी और लद्दाख में यह संख्या 57 होगी।

बंगाल सरकार के तीन मंत्री लोगों की शिकायतें जानने के लिए संदेशखालि पहुंचे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के तीन मंत्री रविवार को लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए संदेशखालि पहुंचे। संदेशखालि में पिछले कुछ दिनों से विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। भूमि विभाग ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर जमीन कब्जाने को लेकर ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज करने के लिए शिविर भी खोला है। मंत्री पार्थ भौमिक, सुजीत बोस और बीरबाहा हांसदा लोगों से उनकी शिकायतों के बारे में बात करने के लिए कालीनगर गांव पहुंचे थे।

दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

अगरतला, एजेंसी

त्रिपुरा में सामने आया मामला

त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा-मैं मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी।

मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे से भटककर राजनीति करने का कोई इरादा नहीं

वायनाड (केरल). एजेंसी

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर राहुल गांधी ने वायनाड पहुंकर स्थिति की समीक्षा की

जंगली जानवरों के हमलों में तीन लोगों की मौत हो जाने को लेकर यहां हुए हिंसक प्रदर्शनों के एक दिन बाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने जिले के अधिकारियों के साथ स्थिति का जायजा लिया और उनसे मृतकों के परिजनों को बिना देर किए मुआवजा देने का आग्रह किया। राहुल वायनाड संसदीय सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र में मानव-पशु संघर्ष के समाधान की मांग कर रहे स्थानीय लोगों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' वाराणसी में अचानक बीच में ही छोड़कर यहां पहुंचे थे। कलपेट्टा में जिले के अधिकारियों के साथ आकलन बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद ने संवाददाताओं से कहा कि मानव-पशु संघर्ष के मुख्य मुद्दे से भटककर राजनीति करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

हालांकि, राहुल ने वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं के अभाव का मुद्दा उठाया और कहा कि यह एक गंभीर विषय है। इससे पहले दिन में, उन्होंने पिछले दो महीने में जंगली जानवरों के हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में जान गंवाने वाले अजी, पॉल और प्रजीश नाम के व्यक्तियों के परिवारों से मुलाकात की। पॉल की बेटी सोना ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि राहुल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे और वायनाड मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं की आवश्यकता पर गौर करेंगे। अजी की बेटी अलना ने भी इस पर्वतीय जिले में मेडिकल उपचार को बेहतर करने की तात्कालिकता पर समान विचार व्यक्त किए। वहीं, बाघ के हमले में जान गंवाने वाले प्रजीश के भाई मजीश ने राहुल से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर करने का अनुराध किया ताकि लोग आपात स्थिति में शीघ्रता से अस्पताल पहुंच सकें। बैठक का ब्योरा देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने जिला प्रशासन से मृतकों और घायलों के लिए घोषित विभिन्न मुआवजे तुरंत वितरित करने को कहा है।

अटकलों के बीच कमलनाथ के समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

भोपाल, एजेंसी

- कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए।

कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा-हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा-मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो।

मुझे नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे: दिग्विजय



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के कमल के साथ जाने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि उन्हें नहीं लगता कि कमलनाथ पार्टी छोड़ेंगे। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि कमलनाथ जैसे व्यक्ति ने अपनी शुरूआत कांग्रेस के साथ की थी। वे श्रीमती इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाते थे। उन्होंने कांग्रेस का हमेशा साथ दिया। वे कांग्रेस के स्तंभ रहे और केंद्र सरकार में मंत्री रहे। संगठन में महामंत्री रहे। प्रदेश अध्यक्ष बने और फिर मुख्यमंत्री भी बने। सारे पद उन्हें मिले हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि इसलिए उन्हें नहीं लगता कि वे कांग्रेस छोड़ेंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस तरह ईडी, आईटी और सीबीआई का दबाव सब पर है, वो उन पर (कमलनाथ पर) भी है। लेकिन कमलनाथ का चरित्र ऐसे दबाव में आने वाला नहीं रहा है।

सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 2022 में एक विरोध मार्च के संबंध में दर्ज प्राथमिकी को रद करने की अर्जी खारिज करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई कर सकती है। सिद्धरमैया ने उच्च न्यायालय के छह फरवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन पर और कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों - एमबी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था और उन्हें छह मार्च को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 अरब डॉलर गिरकर 617.23 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .24 अरब डॉलर कम होकर 617 .23 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .74 अरब डॉलर बढ़कर 622 .5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 09 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4 .8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 546 .5 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 35 करोड़ डॉलर घटकर 47 .74 अरब डॉलर रह गया है।

2 दिवसीय अनूठा केला उत्सव बुरहानपुर में 20 से

भोपाल। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में अनूठा 2 दिवसीय केला उत्सव मनाया जाएगा। बुरहानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से 20 एवं 21 फरवरी को देश के प्रसिद्ध केला वैज्ञानिक और केला उत्पादक किसान केला उत्पादन, निर्यात की संभावनाओं, केला उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि एवं से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार केले की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होगी। केले के प्लांटेशन, प्र-संस्करण, विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण, फसल बिक्री की व्यवस्था और भंडारण, केला निर्यात की संभावनाओं को बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने सबका ध्यान खींचा

प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले-हर उद्यमी को नियामकीय अनुपालन का ध्यान देना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने साक्षात्कार में कहा-पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा-यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा-मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है।

भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र: राजीव चंद्रशेखर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है। चंद्रशेखर ने कहा-मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे।

वित्तीय संस्थानों के भरोसे के बीच रियल्टी धारणा सूचकांक चढ़ा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनियां और वित्तीय संस्थानों को अगले छह महीनों के दौरान संपत्ति बाजार में तेजी बने रहने की उम्मीद है। नाइट फ्रैंक और नारेडको की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि उच्च मांग की मौजूदा रफ्तार बनी रहेगी। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल एस्टेट निकाय नारेडको ने रविवार को 2023 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के लिए रियल्टी धारणा सूचकांक का 39वां संस्करण जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, इस समय धारणा सूचकांक आशावादी क्षेत्र में बना हुआ है, और यह 2023 की तीसरी तिमाही में 59 से बढ़कर चौथी तिमाही में 69 अंक पर पहुंच गया। धारणा सूचकांक डेवलपर्स, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

बीते साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनारॉक ने देश के सात प्रमुख शहरों के बारे में जारी की रिपोर्ट

देश के सात प्रमुख शहरों में पिछले साल घरों का निर्माण 8 प्रतिशत बढ़कर 4.35 लाख इकाई पर पहुंच गया है। रियल एस्टेट परामर्शक कंपनी एनारॉक ने कहा कि बेहतर बिक्री से रियल एस्टेट कंपनियों के नकदी प्रवाह में सुधार हुआ है।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में 4,35,045 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 4.02 लाख घर बनाए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में पिछले साल 13 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,43,500 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1,26,720 इकाई का रहा था। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली (एनसीआर) में पिछले साल 32 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,14,280 घरों का निर्माण पूरा हुआ, जबकि 2022 में 86,300 घरों का निर्माण हुआ था। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा-साल 2023 में आवास बिक्री 2022 के पिछले उच्चस्तर को पार कर गई है। यह 2024 में भी मजबूत बनी रहेगी। पुणे में पिछले साल 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 65,000 घरों का निर्माण हुआ, जबकि 2022 में 84,200 घर बने थे। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले साल 87,190 घरों का निर्माण पूरा हुआ।

भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता वार्ता की प्रगति की उच्चतम स्तर पर समीक्षा हुई

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अग्रिम चरण में पहुंचने के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय ने 16 फरवरी को वार्ता की प्रगति की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल भी मौजूद थे। सूत्रों ने कहा-समझौते के लिए बातचीत अब महत्वपूर्ण चरण में है। उच्चतम स्तर पर अब तक लगभग तीन समीक्षाएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश बाकी मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

एसईजेड इकाइयों को भी मिलेगा करों की छूट योजना का लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और निर्यातोंन्मुख इकाइयों (ईओयू) में परिचालन करने वाली इकाइयों के लिए निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना (आरओडीटीईपी) के लाभ का विस्तार करने का फैसला किया है।

इस निर्णय के बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) को 16 फरवरी को सूचित किया गया। डीजीएफटी जल्द ही इस मुद्दे पर विदेश व्यापार नीति में संशोधन के लिए एक औपचारिक अधिसूचना जारी कर सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एसईजेड में भारतीय सीमा शुल्क इलेक्ट्रॉनिक डेटा इंटरचेंज गेटवे (आइसगेट) को लागू करने के बाद आरओडीटीईपी योजना को विशेष आर्थिक क्षेत्रों तक भी बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने अगस्त, 2021 में कुल 8,555 उत्पादों के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना के तहत कर रिफंड की दरों की घोषणा की थी। चूंकि उस समय अधिसूचित सूची में एसईजेड और ईओयू को योजना से बाहर रखा गया था, इसलिए उद्योग उन्हें योजना में शामिल करने की मांग कर रहा था।

हाइब्रिड म्युचुअल फंड जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपये जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपये निवेश किए गए।

एफपीआई ने अब तक 3,776 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंची

अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अब तक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे।

खेल डायरी

शृंखला 3-2 से जीतने का लक्ष्य बनाएगी टीम : बेन

राजकोट, एजेंसी। कप्तान बेन स्टोक्स ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की टीम रविवार को भारत से मिली 434 रन की हार के बाद भावनाओं को पीछे छोड़कर बचे हुए दो मैच जीतकर शृंखला 3-2 से अपने नाम करने का लक्ष्य बनायेगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहले टेस्ट में 28 रन से जीत हासिल की थी लेकिन विशाखापत्तनम में उसे भारत से 106 रन से हार मिली थी। स्टोक्स ने कहा, मैंने यहां आने से पहले बात की और कहा कि ऐसे हफ्ते मुश्किल होते हैं। इंग्लैंड के लिए मैच हारना ऐसा नहीं है कि आप वहां होना चाहते हो लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि जीत या हार दिमाग में होती है। उन्होंने कहा, मैंने सुनिश्चित किया कि हर तरह की भावनाएं, सभी तरह की निराशा अब सिर्फ ड्रेसिंग रूम में ही रहेगी और सुनिश्चित करो कि यह यहीं तक सीमित रहे। हमारे दो और मैच बचे हैं और कप्तान के तौर पर मैं बस यही सोच रहा हूं कि इस शृंखला को 3-2 से जीतें। स्टोक्स ने कहा कि लगातार दो बुरी हार के बाद भी इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट के प्रति योजना में कोई छेड़छाड़ नहीं होगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को शूटआउट में हराया

राउरकेला, एजेंसी। आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर करने के एक दिन बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में अमेरिका को शूटआउट में 2-1 से मात दी। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं जिसमें भारत के लिए ड्रैग फ्लिकर दीपिका कुमारी ने 19वें मिनट में और अमेरिका के लिए एशले सीसा ने 45वें मिनट में गोल दागा। शूटआउट में मुमताज खान और सोनिका ने गोल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया की क्रोयूस ने गोल किया। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन खुश नहीं होंगी क्योंकि सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम ने मैच में कई पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए लेकिन निर्धारित समय में जीत दर्ज नहीं कर सकी।

तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी

नई दिल्ली। करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से हराया

भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी



214 रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

557 रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

122 रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	214	236	14/12
रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट	19	28	3/0
शुभमन गिल रन आउट	91	151	9/2
रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले	00	10	0/0
कुलदीप यादव का रूट बो रेहान	27	91	3/1
सरफराज खान नाबाद	68	72	6/3

अतिरिक्त : 11, **विकेट पतन :** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजी :** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह	11	26	2/0
बेन डकेट रन आउट	04	15	0/0
ओली पोप का शर्मा बो जडेजा	03	14	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	07	40	1/0
जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा	04	03	1/0
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	15	39	1/0
बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा	16	39	2/0
रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप	00	05	0/0
टॉम हार्टले बो अश्विन	16	36	2/1
मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा	33	15	6/1
जेम्स एंडरसन नाबाद	01	09	0/0

अतिरिक्त : 12, **विकेट पतन :** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12.4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

राजकोट, एजेंसी। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24.3.2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेगे।

टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

राजकोट। करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और रविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

रणजी ट्राफी

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

बॉलीवुड हलचल

'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा

मुंबई, एजेंसी। जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई, एजेंसी। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

कुछ रीत जगत.., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा

मुंबई, एजेंसी। टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

टंगमर्ग : बारामूला जिले के टंगमर्ग में रविवार को जमकर बर्फबारी हुई, जिससे कश्मीर के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी का आनंद सैलानियों ने जमकर लिया। वहीं, घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

राफा, एजेंसी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में 'मानवीय पहलू' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध की अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर 'पूर्ण विजय' के लिए हमले जरूरी हैं। अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 घायल हुए हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास पर हमले किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

एक नजर

फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

मनीला। फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था।

एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

मॉस्को। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं।

यमनी सैन्य अधिकारी काहिरा में पाया गया मृत

काहिरा। मिस्र में यमनी दूतावास ने रविवार को घोषणा की कि एक वरिष्ठ यमनी सैन्य अधिकारी काहिरा में अपने अपार्टमेंट में मृत पाया गया है। यमनी दूतावास ने एक बयान में कहा, मिस्र के अरब गणराज्य में यमन गणराज्य का दूतावास रक्षा मंत्रालय में सैन्य औद्योगीकरण विभाग के निदेशक मेजर जनरल हसन बिन जलाल अल-ओबैदी की हत्या के मुद्दे पर बहुत रुचि और चिंता के साथ नज़र रख रहा है, मिस्र की राजधानी काहिरा में उनके अपार्टमेंट में उनकी हत्या कर दी गई।

पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया।

बिलावल ने किया सत्ता बंटवारा फार्मूले का खुलासा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को चार बार के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन की ओर से सत्ता बंटवारे के लिए दिए गए फार्मूले का खुलासा किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष के मुताबिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने प्रधानमंत्री पद साझा करने की पेशकश की। दोनों दलों ने चुनाव बाद गठबंधन किया है। पीएमएल-एन और पीपीपी ने शनिवार को बैठक की, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए 'काफी प्रगति' हुई, लेकिन गठबंधन सरकार को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई। जेल में बंद 71 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित बहुमत वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने आठ फरवरी के चुनाव में नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 93 पर जीत हासिल की है। पीएमएल-एन को 75 सीट पर सफलता मिली है जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं। चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया।

पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

लाहौर/कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए।

सुविधा

ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

लंदन एजेंसी

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

पंजाब में मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर मारा गया, दो पुलिसकर्मी घायल

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के बरनाला जिले में रविवार को मुठभेड़ में एक वांछित गैंगस्टर मारा गया जबकि इस दौरान पंजाब पुलिस के दो जवान भी घायल हो गए। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए बताया कि गैंगस्टर गुरमीत सिंह उर्फ काला धनौला के खिलाफ 60 से अधिक मामले दर्ज थे। यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस के गैंगस्टर विरोधी कार्य बल ने वांछित गैंगस्टर गुरमीत सिंह उर्फ काला धनौला को जिला बरनाला के बड़बर के एक फार्महाउस में मार गिराया। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में एक निरीक्षक और एक उप निरीक्षक घायल हो गए। उन्होंने कहा, आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ 60 से अधिक जघन्य आपराधिक मामले दर्ज थे। डीजीपी ने कहा, पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत मान की सोच के मुताबिक, अपराध को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर किए गए रिहा

बैंकॉक, एजेंसी। थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई।

पुतिन का पक्ष ले रहे हैं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप: निक्की हेली

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के लिए प्रयासरत निक्की हेली ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पक्ष लेने को लेकर अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की।

हेली ने एक साक्षात्कार में कहा कि पुतिन ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ अमेरिका दोस्ती कर सके। उन्होंने कहा, अमेरिकी लोगों को याद दिलाने की जरूरत है कि व्लादिमीर पुतिन हमारे दोस्त नहीं हैं। व्लादिमीर पुतिन अच्छे व्यक्ति नहीं हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिनके साथ हम जुड़ना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिनके साथ हम मित्रता करना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति नहीं है जिन पर हम भरोसा कर सकें। हेली ने कहा, जब आपने डोनाल्ड ट्रंप को एक सप्ताह पहले साउथ कैरोलाइना में यह कहते सुना कि यदि हमारे सहयोगी अपने दायित्व (रक्षा पर खर्च के अपने लक्ष्यों को) पूरा नहीं करेंगे तो वह पुतिन को हमारे सहयोगियों पर आक्रमण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली बात है क्योंकि उस एक पल में उन्होंने पुतिन को सशक्त बना दिया।

मणिपुर: आदिवासी संगठन को गृह विभाग ने दी चेतावनी

इंफाल। मणिपुर में 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' (आईटीएलएफ) ने एक वीडियो में कथित तौर पर हथियारबंद लोगों के साथ दिखे एक पुलिस हेड कांस्टेबल के निलंबन को लेकर चुराचांदपुर जिले में सरकारी कर्मचारियों से सोमवार से काम पर नहीं जाने का आग्रह किया है।

आईटीएलएफ के इस कदम के बाद राज्य के गृह विभाग ने एक आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि अगर किसी कर्मचारी ने अनधिकृत छुट्टियां लीं तो उसका वेतन काट लिया जाएगा। आदिवासी संगठन ने हेड कांस्टेबल सियामलालपॉल के निलंबन को रद्द करने और पुलिस अधीक्षक शिवानंद सुर्वे व उपायुक्त धरुण कुमार को तत्काल बदलने की मांग की है। हेड कांस्टेबल के 15 फरवरी को निलंबन के कुछ घंटों बाद ही चुराचांदपुर में भीड़ ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उपायुक्त (डीसी) कार्यालयों वाले सरकारी परिसर में घुसकर वाहनों को आग लगा दी थी और तोड़फोड़ की थी।

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति शांति के लिए खतरा

सोल, एजेंसी

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं।

द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

हाउती ने डेनमार्क के जहाज पर तीन मिसाइलें दागीं

वाशिंगटन, एजेंसी। यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए। बयान में कहा गया, "सेंटकॉम ने यमन के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों में मोबाइल मिसाइल और यूएसवी की पहचान कर पता लगाया कि इस क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारिक जहाजों के लिए एक आसन्न खतरा है।" अंसार अल्लाह आंदोलन का यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से को नियंण है और उसने इजरायल से जुड़े जहाजों पर हमला करने की चेतावनी पहले से ही दे रखी है।

खराबी से विस्तारा का विमान मुंबई लौटा

मुंबई, एजेंसी। मुंबई से हैदराबाद जा रहे विस्तारा के विमान को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद तकनीकी गड़बड़ी से लौटना पड़ा। एयरलाइन ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को हुई।

एयरलाइन ने बताया कि यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था हुई थी। 17 फरवरी को मुंबई से हैदराबाद जाने वाली विस्तारा यूके531 में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी गड़बड़ी का पता चला। विस्तारा ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, विमान चालकों ने एहतियातन लौटने का फैसला किया और हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

कवायद | सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्तओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर

हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।

उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।

जयशंकर जर्मनी में चीनी विदेश मंत्री से मिले

बीजिंग/म्यूनिख। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।